वेद भारतीय संस्कृति का मूल है। जो सम्पूर्ण वाङ्मय का बोधक शब्द है। जैसे साहित्यशास्त्र, धर्मशास्त्र, अर्थशास्त्र, दर्शनशास्त्र, व्याकरणशास्त्र आदि में 'शास्त्र' शब्द इसके विशिष्ट अर्थ का प्रतिपादन नहीं करता है बल्कि उसके पूर्व में जुड़े हुये शब्द सम्पूर्णता का द्योतन करता है, उसी प्रकार वेद शब्द का प्रयोग भी प्राचीन समय में सामान्यरूप से सम्पूर्ण वाङ्मय के लिये किया जाता था। बाद में वेद शब्द केवल चार संहिताओं के लिए अभिहित होने लगा। ब्राह्मण, आरण्यक, उपनिषद् यद्यपि वेद के अन्तर्गत आते हैं, किन्तु सायणाचार्य ने स्पष्ट किया है कि– मन्त्र और ब्राह्मण दोनों वेद हैं तथापि ब्राह्मण ग्रन्थ वेदों के व्याख्यान रूप हैं अत: इनका स्थान वेदों के बाद आता है।

यद्यपि मन्त्रब्राह्मणात्मको वेदः तथापि ब्राह्मणस्य मन्त्रव्याख्यानस्वरूपकत्वात् मन्त्रा एवादौ समाम्नाताः।[1]

अत: जिस प्रकार ब्राह्मण युग का सारा साहित्य ब्राह्मण ग्रन्थों से, पौराणिक युग का साहित्य पौराणिक ग्रन्थों के नाम से जाना जाता है, उसी प्रकार वैदिक युग में वेद शब्द के अन्तर्गत ब्राह्मण ग्रन्थों तक का समावेश किया गया है। **मन्त्रब्राह्मणयोर्वेदनामधेयम्**[2] अर्थात् मन्त्र और ब्राह्मण दोनों का नाम वेद है, इतना ही नहीं बल्कि **तेभ्यः पञ्चमवेदन्निरमियत सर्पवेदं पिशाचवेदमसुरवेद-मितिहासवेदं पुराणवेदमिति।**[3] अर्थात् उनसे सर्पवेद, पिशाचवेद, असुरवेद इतिहास वेद और पुराण वेद निर्मित हुए। इसी प्रकार नाट्य शास्त्र में नाट्य नामक पञ्चम वेद के निर्माण का उल्लेख है, जिसको ब्रह्मा ने ऋक्, यजु, साम और अथर्व चारों वेदों के सार के संकलन से निर्मित किया।[4] कालक्रम के अनुसार ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद नाम से पहचाना जाने लगे। विद्ज्ञाने, विद्सत्तायाम्, विद्लृलाभे और विद्विचारणे वेदार्थ के द्योतक हैं। सभी ग्रन्थों में वेद शब्दों का प्रयोग मंत्र संहिताओं के अर्थ में किया गया है। स्वामी दयानन्द सरस्वती ने वेद शब्द का अर्थ किया है–**विदन्ति जानन्ति, विद्यन्ते भवन्ति, विन्दन्ति अथवा विन्दन्ते, लभन्ते, विचारयन्ति, सर्वे मनुष्याः सत्यविद्यां यैर्येषु वा तथा विद्वाँश्चश्रा भवन्ति ते वेदाः।** अर्थात् जिससे सभी मनुष्य सत्य

---

१. ऋ.भाष्य. (सायणाचार्य)

२. आपस्तम्ब, परिभाषा– १-३३

३. अथर्ववेद संहिता (भूमिका भाग) सायणाचार्य, पृ. ७

४. भरतनाट्यशास्त्र–अध्याय १-२ (८-१८)

विद्या को जानते हैं, अथवा प्राप्त करते हैं, अथवा विचारते हैं, अथवा विद्वान् होते हैं अथवा सत्य विद्या की प्राप्ति के लिए जिनमें प्रवृत्त होते हैं, वे वेद हैं। वेद शब्द का शास्त्रीय अर्थ है ज्ञान। इसकी व्युत्पत्ति ज्ञानार्थक विद् धातु से है। वेद से तात्पर्य है ईश्वरीय ज्ञान। हिन्दू धर्म की परम्परा के अनुसार जिसको सबसे पहले ऋषि महर्षियों ने खोजा अथवा जिससे उन्होंने साक्षात्कार किया, वह वेद है अर्थात् तपःपूत ऋषि महर्षियों द्वारा दृष्टज्ञान ही वेद है। सहस्रों वर्षों से हिन्दू धर्म का अस्तित्व वेदों के अस्तित्व पर ही टिका हुआ है। इसमें हिन्दू जाति के विश्वास और आत्मोन्नति के तत्त्व संकलित हैं। यह वह महान् ज्ञान संपत्ति है, जिसमें गूढ़ रहस्यों को खोज निकालने के लिए पृथ्वी, जल, तेज, वायु और आकाश जैसी तात्त्विक शक्तियों की परम्परा को स्थापित किया गया है। यद्यपि वेदों में सांस्कृतिक ऐतिहासिक जीवन अन्तर्भूत है। फिर भी प्रधानतः वे धार्मिक ग्रन्थ ही हैं।

अलङ्कारशास्त्र वह शास्त्र है, जिसे काव्यमयी अभिव्यंजना के लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण माना जाता है। अथवा यह कहा जा सकता है अलङ्कार ही कविता का सबसे महत्वशाली उपकरण। रस, गुण, ध्वनि, दोष आदि विषय तो अनेक हैं, किन्तु प्रधानता अलंकार की ही है, क्योंकि, **प्राधान्यतो व्यपदेशा भवन्ति** इस न्याय से प्रधानता अलंकार की ही होने से यह अलंकारशास्त्र के नाम से प्रख्यात हुआ। काव्य में जितने शोभाधायक तत्त्व हैं, दोषों का अभाव, गुणों का सद्भाव, जिसके द्वारा काव्य की विशिष्टता सिद्ध होती है, उन सबका सामान्य अभिधान अलंकार है। काव्य में सौन्दर्य ही मौलिक तत्त्व है, जिसके अभाव में न तो अलंकार में अलंकारत्व ही रहता है और न ही ध्वनि में ध्वनित्व।

दण्डी के शब्दों में काव्य में शोभा करने वाले धर्मों का नाम ही अलंकार है **काव्यशोभाकरान्धर्मान् अलंकारान् प्रचक्षते**[१]। अभिनवगुप्त ने चारुत्व के अतिशय को आवश्यक माना है। यदि अलंकार में शोभाधायक गुणों का अभाव हो तो वह भूषण नहीं बल्कि दूषण हो जायेगा। इस प्रकार किसी भी पदार्थ के स्वाभाविक सौन्दर्य या सौकुमार्य को प्रस्तुत करने में अलंकार की अहम् भूमिका होती है, जो कवि की कौशल प्रतिभा को अभिव्यक्त करती है। कविता में शब्द कवि की कौशल प्रतिभा को अभिव्यक्त करते हैं। कविता में शब्द और अर्थ का सौन्दर्य लाने और उसे हृदयङ्गम बनाने में अलंकार शास्त्र की अहम् उपयोगिता है। आचार्य वामन की दृष्टि में अलंकार केवल शब्द और अर्थ की शोभा करने वाला बाह्य उपकरण मात्र नहीं है, अपितु काव्य को रोचक बनाने वाला आन्तरिक धर्म है।

वामन अलंकार को सौन्दर्य का पर्यायवाची मानते हैं **सौन्दर्यमलङ्कारः** इस प्रकार अलंकार शास्त्र, काव्य के सौन्दर्य को सम्पन्न करने वाला शास्त्र है जो वेदों से लेकर लौकिक ग्रन्थों के पूर्ण ज्ञान के लिए अत्यन्त आवश्यक है इसीलिये राजशेखर ने अलंकारशास्त्र को वेद का अंग माना है[२]।

---

१. काव्यादर्श (२-१)

२. उपकारकत्वादलङ्कारा: सप्तमङ्गमिति यायावरीयः।
ऋते च तत्स्वरूपपरिज्ञानाद् वेदार्थानवगतिः।। काव्यमीमांसा

आलङ्कारिक शास्त्रज्ञों के सामने प्रधान विषय काव्य की आत्मा का विवेचन है। वह कौन सी वस्तु है, जिसकी सत्ता रहने पर काव्यत्व विद्यमान रहता है, कुछ लोग अलंकार को ही प्राणभूत मानते हैं। कुछ लोग गुण को, कुछ लोग रीति को और कुछ लोग ध्वनि को। अलंकार मत के प्रधान प्रवर्तक आचार्य भामह ही हैं, उसके बाद दण्डी ने भी अलंकार को किसी न किसी रूप में स्वीकार किया। जिस प्रकार अग्नि को उष्णता रहित मानना उपहासास्पद है, उसी प्रकार काव्य को अलंकारहीन मानना अस्वाभाविक है[१]।

भरत के नाट्यशास्त्र में तो चार ही अलंकारों का नाम निर्देश मिलता है, यमक, उपमा, रूपक और दीपक। मूल अलंकार ये ही हैं, जिनमें एक तो शब्दालंकार है और तीन अर्थालंकार। इन्हीं चार अलंकारों का विकास होकर आगे कुवलयानन्द में १२५ अलंकार माने गये। इस प्रकार भारतीय साहित्य में अलंकारशास्त्र एक सुप्रतिष्ठित इतिहास है। संभवतः काव्यशास्त्र का उदय कविता के उदय के साथ ही हुआ।

भारतीय कविता का मूल उत्स ऋग्वेद में है। ऋग्वेद की एक उषा संबंधी ऋचा में चार-चार उपमायें देखने को मिलती हैं[२]। एक दूसरे मंत्र में अतिशयोक्ति अलंकार का भी सुन्दर चित्रण किया गया है[३]। इसी प्रकार उपनिषद् ग्रन्थों में भी रूपकातिशयोक्ति के उदाहरण देखने को मिलते हैं।[४] यास्क के निरुक्त में भी भूतोपमा, रूपोपमा, सिद्धोपमा, लुप्तोपमा तथा रूपक आदि अलंकारों पर कुछ मौलिक बातें स्पष्ट की गई हैं[५]। यास्क ने उपमा अलंकार के लक्षण को अपने पूर्ववर्ती किसी गार्ग्य नामक विद्वान् के नाम से भी उद्धृत किया है[६]। इससे यह स्पष्ट रूप से विदित होता है कि यास्क से पहले भी अलंकारों के लक्षण और उदाहरणों पर विचार किया जाने लगा था।

वैदिक साहित्य में कहीं भी अलंकारशास्त्र का निर्देश नहीं मिलता है और न ही वेद के षडङ्गों में अलंकारशास्त्र की गणना है, परन्तु फिर भी इस शास्त्र के मूलभूत अलंकार जैसे रूपक, उपमा, अतिशयोक्ति आदि अलंकारों के सुन्दर उदाहरण हमें वैदिक संहिताओं में और उपनिषदों में मिलते हैं। उपमा अलंकार तो अत्यन्त प्राचीन है। इसका संबंध तो कविता की उत्पत्ति से ही है जब कविता की रचना हुई तो उपमा अलंकार के साथ ही हुई। आर्यों की प्राचीनतम कविता तो ऋग्वेद में उपनिबद्ध है। बहुत से अलंकारों के उदाहरण तो ऋग्वेद की ऋचाओं में मिलते हैं। उषा विषयक ऋचा में चार उपमायें एक साथ ही दी गई हैं।

---

१. अङ्गीकरोति यः काव्यं शब्दार्थवनङ्कृती।
असौ न मन्यते कस्मादनुष्णमनलंकृती।। (चन्द्रालोक १-८)

२. ऋग्वेद – १-१२४-७

३. ऋग्वेद – १-१६४-२०

४. कठोपनिषद् १-३-३/श्वेताश्वतरोपनिषद् ४-५/मुण्डोपनिषद् ३-१-१।

५. निरुक्त – ३-१३, १८

६. अथात उपमा यद अतन् तत् सदृशमिति गार्ग्यः (निरुक्त – ३-१३)

अभ्रातेव पुंस एति प्रतीची गर्तारुगिव सनये धनानाम्।
जायेव पत्य उशती सुवासा, उषा हस्त्रेव नि रिणीते अप्सः[१]।।

इसी प्रकार अतिशयोक्ति का उदाहरण भी ऋग्वेद में देखने को मिलता है, यथा-

द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया, समानं वृक्षं परिषस्वजाते।
तयोरन्यः पिप्पलं स्वाद्वत्त्यनश्नन्यो अभि चाकशीति[२]।।

उपनिषद् ग्रन्थों में भी रूपकातिशयोक्ति अलंकार के उदाहरण देखने को मिलते हैं, यथा-

आत्मानं रथिनं विद्धिः शरीरं रथमेव तु।
बुद्धिं तु सारथिं विद्धिः मनः प्रग्रहमेव च[३]।।

इन उदाहरणों से स्पष्ट रूप से प्रतीत होता है कि वैदिक मंत्रों में अलंकारों की सत्ता विद्यमान थी। उपमा शब्द भी ऋग्वेद[४] में उपलब्ध होता है, जिसका सायण ने अर्थ किया है-उपमान या दृष्टान्त। इसका तात्पर्य है कि उस समय चाहे उपमा का शास्त्रीय विवेचन न किया हो किन्तु उसका सामान्य निर्देश किया जा चुका था। उपमा अलंकार का वर्णन और उसका विभाजन निघण्टु और निरुक्त में भी मिलता है। निरुक्त में अलंकार शब्द पारिभाषिक अर्थ में उपलब्ध नहीं होता, किन्तु यास्क ने **'अलंकरिष्णु'** शब्द का प्रयोग अलंकृत करने के शील वाले व्यक्ति के अर्थ में अवश्य किया है। यह शब्द इसी अर्थ में शतपथ ब्राह्मण और छान्दोग्य उपनिषद में भी उपलब्ध होता है। परन्तु निघण्टु ने वैदिक उपमा के द्योतक १२ निपातों (अवयवों) का उल्लेख किया है। यास्क ने उपमा के अनेक भेद और गार्ग्य द्वारा उपमा के लक्षण का वर्णन अपने ग्रन्थ में किया है। यथा- "**उपमा यत् अतत् तत्सदृशमिति**"[५] अर्थात् उपमा वहाँ होती है जहाँ एक वस्तु दूसरी वस्तु से भिन्न होते हुए भी उसी के सदृश हो। दुर्गाचार्य ने इसकी व्याख्या करते हुए लिखा है कि उपमा वहाँ होती है जहाँ स्वरूपतः भिन्न होते हुए भी कोई वस्तु अन्य वस्तु के साथ गुण की समानता के कारण सादृश मानी जाय[६]। गार्ग्य का यह भी उल्लेख है कि उपमान को उपमेय की अपेक्षा गुणों में श्रेष्ठ तथा अधिक होना चाहिये तथा जहाँ हीन गुण वाले उपमान से अधिक गुण वाले उपमेय की तुलना की गई है।

इसी प्रसङ्ग में ऋग्वेद में कुछ उदाहरण भी दिये गये हैं। यास्क ने अपने ग्रन्थ में पाँच प्रकार की उपमा का वर्णन किया है[७] उपमा अलंकार के द्योतक निपात इव, यथा, न, चित्, नु और आ

१. ऋग्वेद - १-१२४-७
२. ऋग्वेद - १-१६४-२०
३. कठोपनिषद् - १-३-३ श्वेताश्वरोतरोपनिषद् ४-५, मुण्डकोपनिषद् - ३-१-१
४. ऋग्वेद - (५-३४-९) (१-३१-१५)
५. निरुक्त - ३-१३
६. दुर्गाचार्य निरुक्त की टीका ३-१३
७. यास्क-निरुक्त-३-१३-१८

है। यास्क के अनुसार इन वाचक पदों के प्रयोग होने पर कर्मोपमा होती है। जैसे 'भ्राजन्तो अग्नयो यथा'[१] अर्थात् **अग्नि के समान चमकते हुए** यहाँ कर्मोपमा है। जहाँ उपमित स्वयं उपमान बन जाता है वहाँ भूतोपमा अलंकार होता है। जहाँ उपमित उपमान के साथ स्वरूप के विषय में समता रखता है वहाँ रूपोपमा होती है। जहाँ उपमान स्वत: सिद्ध रहता है तथा एक विशेष गुण या कर्म के द्वारा अन्य वस्तुओं से बढ़कर रहता है और वत् प्रत्यय के जोड़ने पर यह उपमा निष्पन्न होती है जैसे **ब्राह्मणवत्** वहाँ सिद्धोपमा होती है और अन्त में पाँचवीं उपमा होती है अर्थोपमा। अर्थोपमा को लुप्तोपमा के नाम से भी कहा जाता है। यह दूसरे आलंकारिकों के अनुसार रूपकालंकार है जैसे– **सिंहः पुरुषः** तथा **काकः पुरुषः।** यहाँ सिंह और व्याघ्र शब्द पूजा के अर्थ में तथा काक और श्वा निन्दा के अर्थ में प्रयुक्त होते हैं। इससे यह प्रतीत होता है कि यास्क के समय में शास्त्रीय विवेचन प्रारम्भ हो चुका था।

पाणिनि के समय में भी उपमा अलंकार को स्वीकार किया गया है। पाणिनि के अष्टाध्यायी ने उपमान, उपमिति तथा सामान्य जैसे अलंकार शास्त्र के पारिभाषिक शब्दों का प्रयोग किया है। पूर्ण उपमा के चार अंग होते हैं। उपमान, उपमेय, सादृश्य वाचक और साधारण धर्म। कृत्, तद्धित, समासान्त प्रत्ययों समास के विधान तथा स्वर के अपर सादृश्य के कारण जो व्यापक प्रभाव पड़ता है उसका पूर्ण उल्लेख पाणिनि ने अपने ग्रन्थ में किया है। पतञ्जलि ने पाणिनि के द्वारा उपमान शब्द की व्याख्या महाभाष्य में की है उनका कहना है कि 'मान' वह वस्तु है जो किसी अज्ञात वस्तु के निर्धारण के लिये प्रयुक्त की जाती है। उपमान मान के समान होता है और वह किसी वस्तु का अत्यन्त रूप से नहीं प्रत्युत सामान्य रूप से निर्देश करता है। जैसे 'गौरिव गवयः' अर्थात् गाय के समान नील गाय होती है। काव्य पद्धति में 'गौरिव गवयः' चमत्कारविहीन है। अतः उपमा अलंकार का उदाहरण नहीं हो सकता है किन्तु शास्त्रीय दृष्टि से उनका यह उपमा निरूपण निर्देश महत्त्वपूर्ण है। श्री पोद्दार जी ने वेदों और उपनिषद् ग्रन्थों में वर्णित अलंकारों की विभिन्न रूपों में समीक्षा की है। इन उदाहरणों में स्पष्ट रूप होता है 'उपमा' शब्द भी ऋग्वेद में उपलब्ध होता है। सायण ने इसका अर्थ किया है उपमान या दृष्टान्त। किन्तु इसका शास्त्रीय विवेचन प्रस्तुत नहीं किया गया था, केवल सामान्य निर्देश ही था। अष्टाध्यायी में उपमा के उपमित, उपमान एवं सामान्य धर्मों का उल्लेख हुआ है, जिससे यह प्रतीत होता है कि उपमा अलंकार की अच्छी चर्चा रही है। यद्यपि वेद मंत्रों में रस, नृत्य, गीत, छन्द, अलंकार आदि अनेक विषयों का समावेश मिलता है, किन्तु वैदिक काल में काव्यशास्त्र का संबंध स्थापित करना या काव्यशास्त्र की परम्परा का आधार मानना औचित्यपूर्ण नहीं है। किन्तु इन वेदों में अलंकारों का स्वरूप विद्यमान अवश्य था।

---

१. ऋ.वेद. (१-५०-३)

काव्यलक्षण-अर्वाचीन दृष्टि

श्रीराजमङ्गल यादव

काव्य समालोचना के आरम्भ से ही काव्यशास्त्रीय आचार्यों द्वारा काव्य की परिभाषा पर विचार प्रस्तुत करना प्रारम्भ हो गया था। काव्यत्व का अधिवास किसमें सन्निहित है, इस तथ्य को दृष्टि में रखकर विभिन्न आचार्यो ने काव्य के लक्षण प्रस्तुत किये हैं। आचार्य भरत एवं भामह से लेकर अद्यतन काव्यशास्त्रीय आचार्यों ने अपनी-अपनी मान्यता के अनुसार काव्यलक्षण प्रस्तुत किये हैं तथा प्रस्तुत कर रहे हैं। काव्य क्या है? प्रस्तुत विषय को संस्कृत काव्यशास्त्रीय आचार्यों ने दो प्रकार से समझाने का प्रयास किया है। प्रथमतः—कविव्यापार की दृष्टि से तथा द्वितीय-लक्षण निर्देश के माध्यम से। कविव्यापार दृष्ट्या काव्य की व्युत्पत्ति करते हुए काव्यमीमांसाकार राजशेखर कहते हैं—**कवि शब्दस्य 'कवृ' वर्णे इत्यस्य धातोः। काव्यकर्मणा रूपम्।** अर्थात् कवि शब्द की व्युत्पत्ति 'कवृ' धातु से निष्पन्न है, जिसका अर्थ है—काव्यकर्म। आचार्य अभिनवगुप्त का मत है कि **कवनीयम् इति काव्यम्'** अर्थात् रचना-व्यापार ही काव्य है। आचार्य मम्मट ने कहा है कि 'लोकोत्तरवर्णनानिपुण कविकर्मकाव्यम्' अर्थात् लोकोत्तर आनन्द की प्राप्ति कराने वाली कवि की भाषिक-अभिव्यक्ति ही काव्य है। एकावलीकार आचार्य विद्याधर का कथन है कि—**'कवयतीति कविः, तस्य कर्म काव्यम्'** अर्थात् काव्यरचनाकार कवि कहलाता है। कवि कर्म ही काव्य है। काव्यप्रकाश के टीकाकार भट्टगोपाल ने काव्य की व्युत्पत्ति करते हुए कहा है कि—**'कौ इति शब्दायते विमृशति रसभावानिति कविः। तस्य कर्म काव्यम्।** अर्थात् रस-भाव-व्यापार आदि को शब्दादि के माध्यम से जो व्यक्त करता है, उस कवि-कर्म को काव्य कहा जाता है।

इस प्रकार काव्यशास्त्रीय आचार्यों की परम्परा द्वारा कवि के कर्म को काव्य की सञ्ज्ञा से अभिहित किया गया है। कवि अपनी प्रतिभा द्वारा रस-गुण-अलङ्कारान्वित जिस भाव की अभिव्यक्ति करता है वह काव्य है।

यद्यपि काव्य के लक्षण के सन्दर्भ में सर्वथा प्राचीन अभिमत आचार्य भामह का माना गया है, परन्तु संस्कृत काव्यशास्त्र के आद्याचार्य भरतमुनि ने नाट्यशास्त्र में काव्य के लक्षण की ओर सङ्केत करते हुए काव्यरचना के निमित्त मृदु ललित पद संयोग, क्लिष्ट शब्दों का अभाव, हृदय के लिए सुखात्मक अर्थप्रतीति एवं रसान्विति आदि तत्त्वों को परिगणित किया है। उन्होंने काव्य की

परिभाषा नहीं प्रस्तुत की तथा इस विषय को परिभाषित करने वाले प्रथम आचार्य भामह हैं। आचार्य भामह ने काव्य का लक्षण प्रस्तुत करते हुए बतलाया कि–शब्द और अर्थ का सहभाव ही काव्य है और वह गद्य तथा पद्य के भेद से दो प्रकार का होता है।[१] भामह के बाद आचार्य दण्डी ने काव्य का लक्षण करते हुए कहा कि इष्ट या चमत्कृत अर्थ से पूर्ण पदावली काव्य का शरीर है। उनका मानना है कि मनोरम हृदयाह्लादक अर्थ से युक्त पदावली–शब्द–समूह अर्थात् शब्द और अर्थ दोनों मिलकर ही काव्य का शरीर कहलाते हैं।[२] आचार्य वामन ने स्वतन्त्ररूपेण काव्य का लक्षण नहीं प्रस्तुत किया है, अपितु रीति विवेचन के सन्दर्भ में उन्होंने काव्य के लक्षण की ओर सङ्केत किया है। उनका मत है कि काव्य अलङ्कार के ही कारण ग्रहणीय है और सौन्दर्य ही अलङ्कार है। काव्य में यह सौन्दर्य दोष परिहार तथा गुण ग्रहणीयता के द्वारा समुत्पन्न होता है। गुण तथा अलङ्कार युक्त शब्दार्थ ही काव्य कहलाता है यद्यपि गौण वृत्ति के कारण मात्र शब्दार्थ को कोई भले ही काव्य की सञ्ज्ञा दे दे।[३]

आचार्य रुद्रट ने शब्द और अर्थ को ही काव्य माना है।[४] आचार्य आनन्दवर्धन का मत है कि सहृदयहृदयाह्लादक शब्दार्थयुक्तत्व ही काव्य का लक्षण है।[५] आचार्य जयदेव का मानना है कि पद पदांश, वाक्यार्थ और रसगत काव्यदोषों से रहित, वक्ष्यमाण लक्षणों से युक्त, पाञ्चाली, लाटी, गौडी, वैदर्भी नामक काव्य की रीतियों से विभूषित, शब्दार्थगत अलङ्कारों से चमत्कृत, शृङ्गारादि रसों से सुशोभित तथा अभिधा, लक्षणा और व्यञ्जना वृत्तियों से सम्बद्ध वाक्य को काव्य कहते हैं।[६]

आचार्य कुन्तक ने काव्य का लक्षण करते हुए कहा है कि शास्त्रादि प्रसिद्ध शब्द तथा अर्थ के उपनिबन्धन से भिन्न कविव्यापार से शोभित काव्यतत्त्वज्ञों को आनन्दित करने वाले काव्य में

१. शब्दार्थौ सहितौ काव्यं गद्यं पद्यं च तद् द्विधा।
काव्यालङ्कार-प्रथम परिच्छेद–कारिका–१६

२. तैः शरीरं काव्यानामलङ्काराश्च दर्शिताः।
शरीरं तावदिष्टार्थव्यवच्छिन्ना पदावली।।
काव्यादर्श–प्रथम परिच्छेद–कारिका–१०

३. काव्यं ग्राह्यमलङ्कारात्। सौन्दर्यमलङ्कारः।
काव्यशब्दोऽयं गुणालङ्कारसंस्कृतयोः शब्दार्थयोर्वतते।
भक्त्या तु शब्दार्थमात्रवचनोऽत्र गृह्यते।।
काव्यालङ्कारसूत्रवृत्ति–प्रथम अधिकरण–प्रथम अध्याय–सूत्र–१

४. शब्दार्थौ काव्यम्–काव्यालङ्कार–अध्याय–२–कारिका–१

५. सहृदयहृदयाह्लादि शब्दार्थमयत्वमेव काव्यलक्षणम्।
धन्यालोक–प्रथम–उद्योत–कारिका–१ की वृत्ति

६. निर्दोषा लक्षणवती सरीतिर्गुणभूषणा।
सालङ्काररसानेकवृत्तिर्वाक्काव्यनामभाक्।।
चन्द्रालोक १/७

विशेष रूप से स्थित सहभाव से युक्त शब्द तथा अर्थ दोनों मिलकर काव्य कहे जाते हैं।[१] आचार्य भोज का मन्तव्य है कि दोष रहित, गुण समन्वित, अलङ्कारों से विभूषित तथा रसपेशल काव्य की रचना करता हुआ कवि यश तथा आनन्द-प्रीति प्राप्त करता है।[२] आचार्य मम्मट ने काव्य का लक्षण प्रस्तुत करते हुए कहा है कि दोषों से रहित, गुणयुक्त साधारणतः अलङ्कार सहित परन्तु कहीं-कहीं अलङ्कार रहित शब्द और अर्थ दोनों की समष्टि काव्य कहलाती है।[३] आचार्य विश्वनाथ ने रसात्मक वाक्य को काव्य बतलाया है।[४] तथा पण्डितराज जगन्नाथ का मानना है कि रमणीय अर्थ का प्रतिपादन करने वाला अर्थात् जिस शब्द से रमणीय अर्थ का बोध हो, वह शब्द काव्य कहा जाता है।[५]

इस प्रकार संस्कृत काव्यशास्त्र के प्राचीन परम्परा के आचार्यों ने काव्यलक्षण के विवेचन में अपने-अपने अभिमतों को प्रस्तुत किया है काव्यसमीक्षकों की इस पूर्व परम्परा के आचार्यों द्वारा प्रस्तुत की गई काव्य लक्षण की विवेचना को तीन वर्गों में विभक्त किया गया है। प्रथमवर्ग प्रमुख आचार्यों द्वारा विशिष्ट शब्दार्थ युगल को काव्य माना गया है, जिसमें भामह, वामन, मम्मट आदि है। द्वितीय वर्ग में केवल शब्द को जो विशिष्ट अर्थ सम्पन्न होता है, उसे काव्य माना है। इसमें दण्डी तथा जगन्नाथ प्रभृति आचार्य हैं। तृतीय वर्ग में रस से सम्भृत वाक्य को काव्य मानने वाले आचार्य हैं, जिनमें भोज, जयदेव तथा विश्वनाथादि आचार्यों को रखा गया है।

जिस प्रकार इन पूर्वाचार्यों द्वारा काव्यलक्षण विवेचन में अपने-मतों का प्रस्तुतीकरण किया गया है उसी प्रकार २०वीं शदी के आचार्यों द्वारा भी अपनी-अपनी मौलिक काव्यशास्त्रीय कृतियों में काव्यलक्षण पर गम्भीरता पूर्वक विवेचन प्रस्तुत किया गया है। क्रमशः इनके मतों को प्रस्तुत किया जा रहा है-

---

१. शब्दार्थौ सहितौ वक्रकविव्यापारशालिनि।
बन्धे व्यवस्थितौ काव्यं तद्विदाह्लादकारिणि।।
वक्रोक्तिजीवित-प्रथम-उन्मेष-कारिका-७

२. निर्दोषं गुणवत्काव्यमलङ्कारैरलङ्कृतम्।
रसान्वितं कविः कुर्वन् कीर्तिं प्रीतिं च विन्दति।।
सरस्वतीकण्ठाभरण-प्रथम परिच्छेद-कारिका-२

३. तददोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलंकृती पुनः क्वापि।
काव्यप्रकाश-प्रथम उल्लास-कारिका-४

४. वाक्यं रसात्मकं काव्यम्।
साहित्यदर्पण-परिच्छेद-१-कारिका-३

५. रमणीयार्थप्रतिपादकः शब्दः काव्यम्।।
रसगङ्गाधर-प्रथमानन-कारिका-१

पं॰ श्रीपाद शास्त्री हसूरकर ने आचार्य मम्मट प्रतिपादित काव्यलक्षण **"तददोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलङ्कृती पुनः क्वापि"** तथा आचार्य विश्वनाथ द्वारा प्रतिपादित **"वाक्यं रसात्मकं काव्यम्"** का ही समर्थन किया है। इस सन्दर्भ में इन्होंने अपना कोई विचार नहीं प्रस्तुत किया है प्रत्युत दोनों पूर्वाचार्यों के लक्षणों को अपनी कृति में उसी रूप में उद्धृत कर दिया है।[१] श्री कौत्स अप्पल्ल सोमेश्वर शर्मा ने समस्त पूर्ववर्ती आचार्यों के द्वारा प्रतिपादित काव्यलक्षणों की समीक्षा करते हुए प्रतिपादित किया कि सहृदयहृदयाह्लादकारक शब्दार्थ काव्य कहलाता है। इन्होंने आचार्य आनन्दवर्धन, आचार्य विश्वनाथ तथा पण्डितराज जगन्नाथ की परम्परा का अनुसरण करते हुए अपने मत का प्रस्तुतीकरण किया है।[२] महाकवि सर्वेश्वर विरचित साहित्यसार नाट्यशास्त्रीय ग्रन्थ है, जिसमें आचार्य ने यद्यपि स्वतन्त्र रूप से काव्य का लक्षण नहीं प्रस्तुत किया है तथापि सदैव मृदु पदों से न्यस्त, रस और अलङ्कार से समन्वित कवि की गिरा को ही काव्य बतलाया है।[३] आचार्य छज्जूराम शास्त्री ने रमणीयता सम्पन्न शब्दार्थ युगल को ही काव्य माना है। उनका मत है कि न तो केवल कमनीयता पूर्ण शब्द ही काव्य हो सकता है और न केवल वाच्यार्थ चमत्कारी अर्थ ही।[४] इस प्रकार आचार्य ने अपने काव्यलक्षण प्रतिपादन में भामहाचार्य की परम्परा का परिपोष किया है। आचार्य रेवाप्रसाद द्विवेदी ने काव्यलक्षण पर अपनी सूक्ष्मेक्षिका प्रतिभा का परिचय देते हुए बतलाया कि यह जो पूर्णता (गुणों) से युक्त (संवित्=चेतना(भावना)) नामक नव वधू है यही विच्छित्ति सम्पन्ना अर्थात् अलङ्कार युक्ता होने पर कविता का रूप ग्रहण करती है। काव्य का जो प्रभाव सामाजिक की चेतना पर पड़ता है वह रस होता है और वह काव्य का धर्म नही कहा जा सकता। क्योंकि काव्य और सामाजिक ये दोनों भिन्न रूप वाले होते हैं। सामाजिक द्रव्य होता है जबकि काव्य है ज्ञान अर्थात् गुण। तब किसी अन्य में रहने वाला धर्म उससे भिन्न अन्य का धर्म कैसे होगा। काव्य को ज्ञानरूप मानने पर उसके साथ रसयोग भी सम्भव सिद्ध होगा क्योंकि रस भी ज्ञान के ही समान केवल चिदात्मा हुआ करता है। अतः कवि का मन्तव्य है कि ज्ञान को चित्तवृत्तिरूप मानने पर भी रसक्षति नहीं होगी, क्योंकि कुछ मम्मट आदि आचार्य चित्तवृत्ति को ही रस मान बैठे हैं।[५]

१. साहित्यमञ्जरी–सामान्य प्रकारण
२. तस्मात् 'सहृदयहृदयाह्लादकरौ शब्दार्थौ काव्यमिति लघुभूतं, निष्कृष्टञ्च काव्यलक्षणम्।
साहित्यविमर्श–द्वितीय परिच्छेद
३. सदा मृदुपदन्यासास्सालङ्कारा रसावहाः।
प्रगल्भा इव कामिन्यो जयन्त्यादिकवेर्गिरः।।
साहित्यसार–प्रथम प्रकाश–कारिका–१
४. रम्यं शब्दार्थयुगलं काव्यमस्माभिरिष्यते।
रम्यताऽऽलौकिकाह्लाद–जनिका तत्र मन्यताम्।।
साहित्यबिन्दु–प्रथम बिन्दु–कारिका–५
५. या चैषा पूर्णता–युक्ता सम्बिन्नाम्नी नवा वधूः।
सैव विच्छित्ति–सम्पन्ना काव्यभावं प्रपद्यते।। (क्रमशः अग्रिम पृ॰ पर)

पुनः अग्रिम कारिकाओं में कवि काव्य और रस के एकत्व को स्थापित करते हुए कहता है कि आत्मा है समुद्र, काव्य है मत्स्य, रस है जल। अतः रस को काव्य में आने से कौन रोक सकेगा मत्स्य में जल के पहुँचने के समान। इसलिये ऐसा मानने पर काव्य और रस का धर्मधर्मिभाव उलट जाएगा, रस में काव्य सिद्ध होगा न कि काव्य में रस अर्थात् धर्मी रस बनेगा और धर्म बनेगा काव्य। अतः इससे बचने का कोई मार्ग नहीं होगा। इसलिए आचार्य द्विवेदी ने अपनी कारिकाओं में अपने तर्क प्रस्तुत करते हुए सिद्ध किया है कि काव्य ज्ञान है, अलंकार इसकी आत्मा है, उसमें बिना व्यभिचार के उपाधि बनती है मध्यमा संवित्, किन्तु वाक्तत्त्व के ज्ञाता के लिये। इस प्रकार कवि ने काव्य को वृष्टि, कवि को मेघ, रस को फसल, तथा सहृदयों को चातकचञ्चू बतलाते हुए कहा कि हमें वृष्टि के विज्ञान तक सीमित रहना चाहिए।[1] डॉ॰ ब्रह्मानन्द शर्मा ने काव्य के स्वरूप का स्पष्टीकरण करते हुए कहा कि शब्दार्थगत सत्य (वस्तु का स्थायी स्वरूप) के रमणीय प्रतिपादन को ही काव्य का लक्षण जानना चाहिये। यहाँ यह सत्य की विशेषता है।[2]

काव्यलक्षण विवेचन के प्रसङ्ग में पं॰ गिरिधर लाल व्यास शास्त्री जी ने समस्त पूर्वाचार्यों द्वारा विवेचित मतों को प्रस्तुत करते हुए गुण सहित तथा दोष रहित शब्दार्थ युगल को ही काव्य

प्रभावो यस्तु काव्यस्य सामाजिकचिति स्थितः।
स रसः, स न काव्यस्य धर्मतां प्रतिपद्यताम्।।
काव्यं सामाजिकश्चेति भिन्नरूपावुभावपि।
अन्य-स्थितस्य धर्मस्य कथं स्यादन्यधर्मता।।
काव्यस्य ज्ञानरूपत्वे रसयोगेऽपि युज्यते।
ज्ञानस्यापि रसस्येव चिदात्मैकात्म्यदर्शनात्।।
ज्ञानस्य चित्तवृत्तित्वेऽप्यस्ति नैव रसक्षतिः।
रत्यादेश्चित्तवृत्तेर्हि रसत्वेनाऽभिमानतः।।
काव्यालङ्कारकारिका-एकादश अधिकरण-कारिका-२३०-२३४

१. आत्माऽब्धिः, शफरः काव्यं, रसश्चैव रसस्, ततः।
शफरे जलवत् काव्ये रसः केन नु वार्यताम्।।
एवं रसस्य धर्मित्वं जलस्येव प्रसज्यते।
काव्यस्यैव च धर्मत्वं शफरस्येव, का गतिः।।
काव्यं ज्ञानम्, अलङ्कारस्तस्यात्मा, मध्यमाभिधा।
संविदव्यभिचारेण तत्रोपाधिश्च वाग्विदे।।
वृष्टिः काव्यं कविरमेघः, सस्य संपद् रसा इमे।
वृष्टिमात्रैक-विज्ञाने वयं चातक चञ्चव।।
काव्यालङ्कारकारिका-एकादश अधिकरण-कारिका-२३५-२५३

२. शब्दार्थवर्ति सत्यस्य, सुन्दरं प्रतिपादनम्।
काव्यस्य लक्षणं ज्ञेयम्, सत्यस्यात्र विशेषता।।
काव्यसत्यालोक-पञ्चम उद्योत-कारिका-६४

माना है। इस सन्दर्भ में इन्होंने काव्यशास्त्र के पूर्ववर्ती आचार्यों की परिभाषाओं को स्वरचित कारिकाओं में निबद्ध कर काव्यलक्षण प्रस्तुत किया है।[१]

प्रो॰ शिवजी उपाध्याय ने काव्य का विवेचन करते हुए बतलाया कि कवृ धातु से निष्पन्न काव्य शब्द कविकर्म से प्रसिद्ध है। कवि से अवच्छिन्न कवि निष्ठकर्म ही काव्य है यह उसका लक्षण है। उस काव्य में शब्द, अर्थ, गुण, अलङ्कार, वृत्तियाँ, औचित्य, रीति, वक्रोक्ति, आदि की उपस्थिति तथा दोष का अभाव रहता है। शब्दार्थरूपी शरीर वाले काव्य में किञ्चिद् दोष की भी उपस्थिति होने पर वह काव्य ही कहा जाता है। औचित्य, रीति, वृत्ति, रस आदि उस काव्य के कारण स्वरूप होते हैं।[२] इस प्रकार आचार्य ने अपने ग्रन्थ साहित्यसन्दर्भ की २५ कारिकाओं में

१. केच्छिब्दं प्रपुष्णन्ति शब्दार्थौ चेति केचन।
इत्थं काव्यशरीरेऽत्र विवदन्ति विपश्चित:।।
तेषां तेषां मतान्येव समुद्धृत्य विलिख्यते।
तत्र प्रथमो ब्रूते व्यासदेवोऽग्निसाक्षिकम्।।
संक्षेपाद्वाक्यमिष्टार्थव्यवच्छिन्ना पदावली।
काव्यं स्फुरदलङ्कारगुणवद्दोषवर्जितम्।
पदावलीप्रयोगेण शब्दे मुख्यत्वमिष्यते।।
गुणत्वमर्थे चेष्टार्थव्यवच्छिन्ना प्रयोगत:।
किन्तु दोषा अलङ्कारा गुणा: शब्दार्थयोर्द्वयो:।
सामान्येन भवन्तीति मुख्यत्वमुभयो: समम्।।
वस्त्वलङ्कारमात्रे च तथा लक्ष्यक्रमेऽपि च।
नीरसेऽपि तदा काव्ये काव्यत्वं को निवारयेत्।।
यत्र काव्ये पुन: पूर्णं घटते काव्यलक्षणम्।
गुणालङ्कारसहितौ शब्दार्थौ दोषवर्जितौ।
गद्यपद्योभयमयं काव्यं विद्याविनोदकृत्।।
काव्यं हि रमणीयार्थ प्रतिपादकशब्दक:।
उक्तं पण्डितराजेन तत्परं काव्यलक्षणम्।।
आसीद्यदत्र वक्तव्यं तत्पूर्वं प्रतिपादितम्।
लौकिकव्यवहारादिप्रदर्शनपुरस्सरम्।।
तत्र निर्दोषशब्दार्थगुणवत्त्वेऽच्युतोऽब्रवीत्।
गद्यादिबन्धरूपत्वं काव्यस्य सामान्यलक्षणम्।।
अभिनवकाव्यप्रकाश–प्रथम उन्मेष–कारिका–३२–१२२

२. कविकर्मतया ख्यातं काव्यं यत् कवृधातुजम्
तत्स्वरूपमथैकान्तं काव्यत्वमिति सुस्थिरम्।।
काव्यत्वे तत्र शब्दार्थगुणालङ्कारवृत्तय:।
औचित्यरीतिवक्रोक्तिदोषाभावादिसंस्थिति:।।
शरीरत्वेन शब्दार्थौ गुणालङ्कृत्यनन्यथा।
काणत्वाद्यतथाभावाददोषत्वमुरीकृतम्।।

काव्य के स्वरूप पर विस्तृत विचारविमर्श प्रस्तुत किया है।

डॉ॰ हरिश्चन्द्र दीक्षित का मत है कि वही वाक्यरचना काव्य हो सकती है, जिसमें उक्तिवैशिष्ट्य हो और पाठक या श्रोता को विचार प्रेरणा तथा आनुषङ्गिक शास्त्र-शितपादि ज्ञान के सहित या उससे रहित आनन्द का अनुभव कराये। अत: काव्य वह उक्तिवैशिष्ट्य युक्त वाक्य है, जिसका पठन या श्रवण आनन्द का साधक हो और यदि वह सद्विचार प्रेरक भी हो तो भद्रतर होता है। आनन्दानुभव के साथ सदुपदेश यही कान्तासम्मितोपदेश विधान है।

उक्तिवैशिष्ट्य-युक्त आह्लादक वाक्य काव्य होता है। काव्य गद्य और पद्य दोनों में समानतया सम्भव है, यद्यपि पद्यहेतुकी छन्द योजना निस्संशय आह्लादवर्धिका होती है। शब्द काव्य है या अर्थ-इस विवाद को वारित करने के लिए 'वाक्य' कहा गया है। पुन: एक पद को भी शब्द कहा जाता है। जैसे शब्द से उसके अर्थ का, वैसे ही वाक्य से उसके अर्थ का अभेद होता है।[१]

औचित्यरीतिवृत्याद्या उपस्कर्त्तु च सङ्गता:।
रसात्मत्वेन काव्यत्वे तद्धेतौ तत्स्वरूपता।।
शब्देऽप्यर्थेऽपि पार्थक्यादैक्याद् वा काव्यता मता।
उपचारतया साऽस्तु न तत्र परमार्थता।।
शरीरेऽप्युपचारत्वाद् यथाऽऽत्मत्वनिदर्शनम्।
तथा शब्दार्थयोर्निष्ठं काव्यत्वमुपचर्यते।।
यद् ब्रह्मानन्दसौन्दर्यसामरस्याद् रसात्मता।
काव्यस्य प्रथिता तत्र विभावादिनिबन्धनम्।।
आनन्दत्वेन तद्रूपो भावत्वेन च सोदर:।
लौकिकालौकिकत्वेनोभयत्वं तद्रसात्मन:।।
यत्प्राधान्येन तद्रूपं जायते कविकर्मणा।
तेन तद्व्यपदेश: स्याच्छब्दार्थोभयनिष्ठित:।।
शब्द: स्फोटात्मको नित्यस्तदर्थोऽनित्य उच्यते।
नित्यानित्यतया काव्ये तद्व्यापत्तिरिष्यते।।
तद्वल्लक्ष्यमिदं काव्यं स्वत्वेनैव परिस्फुरत्।
लक्षणैर्लक्षितं सर्वैस्तत्तदंशाभावभासकम्।।
काव्यत्वं कविकर्मत्वे रसात्मत्वविशेषितम्।
लक्ष्यत्वस्वार्थं सार्थक्यात्स्वत एव प्रकाशते।।
नैरर्थक्यं न विज्ञेयं लक्षणानां पृथग्विधौ।
यतो वस्तुगतज्ञाने तत्साह्यं प्रतिपद्यते।।
साहित्यसन्दर्भ-काव्यस्वरूपविमर्श-कारिका-१-२५

१. उक्तिवैशिष्ट्ययुक्तम् आह्लादकं वाक्यं काव्यम्। काव्यं गद्ये च पद्ये चोभयो: समानतया सम्भवति यद्यपि पद्यहेतुकी छन्दयोजना निस्संशयम् आह्लादं वर्धयति। शब्द: काव्यं अर्थो वा इति विवादं वारयितुं वाक्यमिति उक्तम्। उक्तिवैशिष्ट्यं द्विविधं-अर्थालङ्काररूपम्, अर्थालङ्कारहीनं च। उभयोर्विधयो: काव्यं कर्तुं शक्यते। रसानुभूतिरुत्तम: काव्यानन्द:। काव्यतत्त्वविमर्श-पृ॰-२३ और काव्यात्मनिर्णय-पृ॰ ३२-३३

डॉ॰ दीक्षित का मत है कि उक्तिवैशिष्ट्य दो प्रकार का होता है– अर्थालङ्काररूप और अर्थालङ्कारहीन। दोनों विधाओं में काव्य किया जा सकता है। किन्तु निरलङ्कार काव्य का विधान वस्तुरूपादिकों के यथातथ्य वर्णन से उसकी भावना में कठिनता होने से कठिन होता है। अत: इसका अल्पत्व होता है। यद्यपि इसके उदाहरण प्रचुरतया सुलभ हैं। उक्ति वक्रोक्ति अलंकार वर्ग की सञ्ज्ञा है। काव्य निरलङ्कार ही होता है। अत: काव्य को सालंकार नहीं कहा गया। गुण काव्यत्व के साधक नहीं होते। अत: सगुण नहीं कहा गया। किसी दोष के होने पर भी वाक्य काव्यात्मक हो सकता है। अत: निर्दोष नहीं कहा गया। डॉ॰ दीक्षित ने आचार्य विश्वनाथ और पण्डितराजजगन्नाथ की काव्य परिभाषा का खण्डन करते हुए कहा कि वाक्य में उक्ति कैसी हो–यह न बताने से दोनों की काव्य परिभाषाएँ व्यर्थ हैं। यदि उक्तिवैशिष्ट्य युक्त विचार प्रेरक वाक्यों का काव्यत्व नहीं स्वीकृत किया जायेगा तो भर्तृहरि तथा बिहारी इत्यादि कवियों के नीतिकाव्यों का और प्रसिद्ध प्रबन्धकाव्यों में सालङ्कार भी विचार वर्णनों का अकाव्यात्मकत्व आपन्न होगा। जहाँ वस्तुभावना के सम्पादन का यत्न होता है वहाँ स्वयमेव उक्तिवैशिष्ट्य और आह्लादकत्व का सम्पादन होता है। उक्ति कैसी हो–यह ज्ञापित करने के लिए उक्तिवैशिष्ट्य युक्त कहा गया, वस्तुभावनात्मक नहीं। आह्लाद या आनन्द वस्तु के दृश्य रूप की कल्पना से, स्वाभाविक चेष्टा युक्त रूप की कल्पना से, आङ्गिक अनुभाव युक्त रूप कल्पना से, उसके साथ कहीं मनोभाव के केवल अनुमान से, कहीं उसके पश्चात् रस रूप में उसके अनुभाव से और कहीं विचार-प्रेरणा में उत्पन्न होता है। रसानुभूति उत्तम काव्यानन्द है।

डॉ॰ रमाशङ्कर तिवारी ने काव्य का लक्षण बताते हुए कहा कि मन को प्रसन्न करने में समर्थ, ललित अभिव्यक्ति युक्त शब्दों में निबद्ध रचना को विद्वानों ने काव्य कहा है। क्योकि काव्य की आत्मा व्यक्ति ललित होती है। प्राचीन मतों से भिन्न मत तिरस्करणीय हैं। काव्य में अर्थ बिम्बवत् प्रस्तुत होता है तथा भावक के मानस पटल पर वह प्रकट होता है। इस प्रकार आचार्य ने बतलाया कि काव्य अर्थ संस्कार युक्त, व्यक्ति मुद्रा को धारण करने वाला तथा सर्वजनीनता को धारण करने वाला होता है।[१]

१. मन: प्रसादनसमर्था ललिताभिव्यक्ति:।
उच्यते काव्यं बुधैस्तु शब्दैर्निबद्धा।।
व्यक्तिललितं भवति काव्यात्मा हि नियतम्।
तिरस्करणीयं मतं प्राच्यानां भिन्नम्।।
बिम्बीक्रियन्ते निखिला ह्यर्थास्तु काव्ये।
यदाधत्ते तल्लपनशीलचित्रस्य शीलम्।।
भवन्त्यर्था जटिलास्तु लोकस्य चरिते।
इव कुञ्चनकेशा: प्रकीर्णकवर्याम्।।
परं समाश्रित्य काव्यं लभन्तेऽवश्यम्।
स्वरूपं प्रभावं निसर्गञ्ज ज्ञेयम्।। (क्रमश: अग्रिम पृ॰ पर)

डॉ॰ शङ्करदेव अवतरे ने शब्द और अर्थ के अविभाज्य रूप में चमत्कारी होने को काव्य माना है। अर्थात् चमत्कारात्मक शब्द और अर्थ के सहभाव को काव्य कहा है। उनका मत है कि चमत्कार रस, भाव, वस्तु, अलङ्कार आदि की स्थिति के रूप में अपनी अनेक उच्चावच कोटियाँ या श्रेणियाँ रखता है, अतः काव्य की भी उत्तम, मध्यम और अधम (अवर) जैसी कोटियाँ स्थापित हो जाती है। इस प्रकार आचार्य ने प्राचीन आचार्यों के काव्यलक्षण का विवेचन करते हुए, प्राचीनों द्वारा प्रतिपादित निष्कृष्ट काव्यलक्षण, साम्प्रदायिक काव्यलक्षणों का समन्वय तथा पाश्चात्य विद्वानों के काव्यलक्षण का निरूपण किया है।[१]

परिष्कारिण्यामर्थाश्च संशोध्यमानाः।
प्रतिभायाः कवीनान्तु सवासनानाम्।।
स्थौल्येन न प्रविशन्ति विषयाः काव्यम्।
प्रगृह्यन्ते पथेन तु खलु भावनायाः।।
काव्यं धारयति व्यक्तित्वमुद्राम्।
यथा पत्रं वहति यत्र गृहस्य चिह्नम्।।
अथ दर्शनेतिहासबुद्धिविषयादयस्य।
भवन्ति काव्यं व्यक्तित्वरागं भजन्तः।।
समश्नुते व्यक्तिसृष्टं समष्टेः शीलम्।
स्वीयाकर्षणे मानवानां तु काव्यम्।।
ऋषयो व्यास आ़कविवाल्मीकिश्च।
कविकुलगुरुकालिदासोऽन्ये च सकलाश्च।।
निबध्नन्ति तेषां तु नैजां प्रकलनाम्।
परं तदाकर्षणं विद्यते सर्वकालम्।।
काव्यतत्त्वविवेक-कारिका सङ्ग्रह-काव्यनिरूपण-कारिका-१-१२

१. शब्दार्थौ सहितौ काव्यम् चमत्कारपरायणौ।
रसादीनां चमत्कारकोटिषु काव्यकोटयः।।
लक्षणं कृतपूर्वं यत् काव्यस्य बहुधा बुधैः
भोक्तुः स्थित्यैव तद्ज्ञेयं प्राधान्येन च पञ्चधा।
शब्दार्थौ सहितौ काव्यमित्याहुर्भामहादयः
तावेव कुन्तक प्राह वक्रव्यापारशालिनौ।।
जगन्नाथोऽवदत् काव्यं शब्दं रम्यार्थबोधक।
वाक्यं रसात्मकं काव्यं विश्वनाथेन लक्षितम्।।
काव्यमदोषौ शब्दार्थौ पुनः क्वाप्यनलङ्कृति।
सगुणौ च सहस्थौ च मम्मटाचार्य उक्तवान्।।
शब्दार्थौ सहितौ काव्यं रम्यार्थस्य प्रयोजकौ।
रसध्वन्यादितत्त्वानां विच्छित्त्या विविधात्मनः।।
स्वनामाऽऽख्याततत्त्वस्य प्राधान्यात् साम्प्रदायिकाः।
काव्यलक्षणमाख्यान्ति तत्र किं स्यादसाम्प्रतम्।। (क्रमशः अग्रिम पृ॰ पर)

प्रो॰ अमरनाथ पाण्डेय ने काव्यस्वरूप को उद्घाटित करते हुए बतलाया है–शब्द, अर्थ, भाव, भाषा, रचना प्रक्रिया तथा भावाभिव्यक्ति, आदि से युक्त काव्य लोककल्याणकारी होता है।[१] प्रो॰ पाण्डेय ने काव्यसिद्धान्तकारिका की अनेक कारिकाओं में काव्य के स्वरूप पर विस्तृत प्रकाश डाला है। प्रो॰ रामप्रताप वेदालङ्कार ने काव्य का लक्षण करते हुए बतलाया कि गुणालङ्कारभूषित तथा चमत्कार से युक्त शब्दार्थ युगल, लोकोत्तरानन्ददायी वह काव्य प्राचीन काव्यविदों को प्रिय हैं। विशिष्ट शब्द रूप वाला, जिसकी आत्मा चमत्कार है और जहाँ शब्द की प्रधानता रहती है, इसे काव्यलक्षण का नव्य मत जानना चाहिए। ध्वनि तथा अलङ्कार से मण्डित, रसान्वित, अतिनव्य शब्दार्थयुक्त तथा चमत्कार का स्फुरण करने वाला होता है। ललित द्वन्दों में निबद्ध, भाषा सौन्दर्य पूरित काव्य लोक में एकस्वरेण उत्तम कहा जाता है। कविवाङ्निर्मिति ही काव्य है, कवि का निपुण कर्म ही उस काव्य का बीज है। प्रतिभाशाली कवि की इस प्रकार की चमत्कार से युक्त सरस

बिना रागात्मिकां सत्तां सौन्दर्यं नानुभूयते।
सौन्दर्यस्यानुभूतिश्च रसादौ पर्यवस्यति।।
तदेवं रागमूलत्त्वात् सौन्दर्यस्य रसस्य च।
द्वयोरन्योन्याश्रयता मात्रा भेदात्तु सिद्ध्यति।।
काव्ये रसादितत्त्वानामेकं नैकान्ततो महत्।
कस्याप्येकस्य विच्छित्या प्राधान्यं केन वार्यते।।
विच्छित्तिस्तु चमत्कारः सौन्दर्यलक्षणो मतः।
सौन्दर्य यच्च तत्सर्वं रागादाकर्षणात्मकम्।।
सर्वेषां काव्यतत्त्वानां मध्यात् सौन्दर्यशालिनाम्।
कस्याप्येकस्य तत्त्वस्य प्राधान्ये काव्यमुच्यते।।
सम्प्रदायैः कृतं तस्माद् विविधं काव्यलक्षणम्।
तत्त्वतो न विभिद्येत सर्वस्वीकृतलक्षणात्।।
प्लेटोऽरस्तुप्रभृतयः पाश्चात्याः काव्यलक्षणम्।
प्रकृत्यनुकृतिरूपं कविस्थित्यैव मेनिरे।।
ईश्वरीयाद्यरूपस्यानुकृतिः प्रकृतिः स्वयम्।
अपूर्णा, तां जगद्रूपां कलाकारोऽनुवर्त्तते।।
इत्याद्युक्तं कविस्थित्या पाश्चात्यं काव्यलक्षणम्।
पारम्पर्येण वादानां व्यामिश्रमधुनावधि।।
अभिनवकाव्यशास्त्र–द्वितीय आयाम–काव्यप्रक्रिया–सूत्र–२०–२४ कारिका–६८–९४

१. शब्दाः समर्थाः खलु सर्जनायां, यदा गता योजनया प्रसादम्।
तदातिरम्यं विभवं प्रयोगैस्तन्वन्ति काव्यं जनमङ्गलाय।।
स्निग्धा विचित्रैरमितैरनूनैरर्थैर्गृहीता कविताहिताय।
लोकस्य कीर्त्यै स्फुरितप्रभाभिः प्रवर्ततेऽनन्तसभासुभासु।।
श्लिष्टा विशेषैर्घटना पदानां चित्ते सतां प्रीतिमुदारगत्या।
प्रकाशयन्ती कविता विधानं सौन्दर्यमानं च पुरस्करोति।।
काव्यसिद्धान्तकारिका–कारिका–१४,८२,७३ आदि

रचना उत्तम होती है। रस भाव से चमत्कारी उत्तम प्राणपेशल, सुन्दर अलौकिक आनन्द सन्दर्भ युक्त शब्दार्थ काव्य होता है। जिस प्रकार उसमें गुण, अलङ्कार तथा प्रीति होती है उस प्रकार उसमें दोष नहीं होने चाहिए। रसवर्ण्यानुरूपा रचना में रीति उपकारिणी होती है। जो सहृदयों के हृदय को चाकचक्य अर्थात् आह्लादित कर दे वह चितिरूप चमत्कार काव्य का सर्वस्व कहा गया है।[१]

काव्यलक्षण का विवेचन करते हुए प्रो॰ राधावल्लभ त्रिपाठी ने लोकानुकीर्त्तन को काव्य माना है। लोक शब्द लोकृ धातु में घञ् प्रत्यय को संयुज्य करने पर निष्पन्न होता है। प्रो॰ त्रिपाठी का मत है केवल स्थावरजङ्गात्मक संसार ही लोक नही है अपितु कवि चेतना के द्वारा विभाव्यमान समस्त भुवन ही लोक है। दिक्काल में प्रसृत समस्त सृष्टि तथा जो कुछ प्रतीति गोचर होता है, वह लोक है।

इस प्रकार उन्होंने लोक के तीन रूप को उद्घाटित किया है—आधिभौतिक, आधिदैविक और आध्यात्मिक। ये तीनों रूप परस्पर सम्बद्ध हैं। इन तीनों का समग्र समुल्लास जीवन है और

---

१. काव्यस्य लक्षणं प्रोक्तं बहुभिः कोविदैः पुरा।
चमत्कारपदं नैतत् लक्षणे तैः समाहितम्।।
सन्ति केचन विद्वांसश्चमत्कारपरायणाः।
चमत्कारप्रधानं तैरुक्तं काव्यस्य लक्षणम्।।
बुधैर्निगदितं तावच्चमत्कारसमन्वितम्।
त्रिप्रकारमेतत्तु प्रोच्यते काव्यलक्षणम्।।
शब्दार्थौ सचमत्कारौ गुणालङ्कारभूषितौ।
लोकोत्तरं तु तत् काव्यं प्राचां काव्यविदां प्रियम्।।
विशिष्टशब्दरूपस्य काव्यस्यात्मा चमत्कृतिः।
प्राधान्यं यत्र शब्दस्य मतं नव्यैरिदं स्मृतम्।।
काव्यं स्फुरच्चमत्कारं ध्वन्यलङ्कारमण्डितम्।
रसान्वितं सशब्दार्थमतिनव्यैः प्रशस्यते।।
छन्दोभिर्ललितैर्बद्धं भाषासौन्दर्यपूरितम्।
काव्यं तदुत्तमं लोकैः स्वरैक्येन निगद्यते।।
कविवाङ्निर्मितिः काव्यं निपुणं कविकर्म तत्।
सबीजो हि कविर्ज्ञेयः सर्वागमकोविदः।।
सरसः प्रतिभाशाली यदि स्यादुत्तमस्तदा।
भवति रचना त्वेषा चमत्कारेण सम्प्लुता।।
रसभावचमत्कारान्यत्तम प्राणपेशलः।
काव्यं शब्दार्थसन्दर्भोऽलौकिकानन्दसुन्दरः।।
सगुणालङ्कृतिः प्रीत्यै यथा दोषैस्तथा न सः।
रसवर्ण्यानुरूपा च रीतिस्तत्रोपकारिणी।।
चाकचक्यं विधत्ते यः सहृदयस्य चेतसि।
चितिरूपश्चमत्कारः काव्यसर्वस्वमुच्यते।।
चमत्कारविचारचर्चा-तृतीय विचार-कारिका-१०२-११३

वह साहित्य में प्रतिफलित होता है। जीवन की भी आधिभौतिक, आधिदैविक और आध्यात्मिक ये तीन अवस्थाएँ होती हैं। जीवन के पुरुषार्थ (धर्मार्थकाम) से इनका सम्बन्ध है। जीवन एक व्यक्ति का ही नही, अपितु समाज, राष्ट्र तथा सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड का भी होता है। साहित्य या काव्य में यह त्रिविध जीवन प्रतिफलित होता है। इसलिए आधिभौतिक, आधिदैविक और आध्यात्मिक जीवन के इन तीनों रूपों में से केवल एक या दो में ही सर्वथा पर्यवसित काव्यरचना समग्र नहीं कही जा सकती। इस सम्बन्ध में त्रिपाठी जी का एक परिकर श्लोक दर्शनीय है–

साहित्ये जीवनं सर्वं सर्वाङ्गीणं नवं नवम्।
प्रतिबिम्बत्वमायाति समुल्लसीति वर्धते॥
अद्भुतः प्रतिबिम्बोऽयं बिम्बमेव विभावयन्।
संस्कुर्वन् जीवनं तस्मिन् समवेतो नवायते॥
जीवने चास्ति साहित्यं साहित्ये जीवनं तथा।
परस्परकृता सिद्धिरनयोः सम्प्रवर्तते॥

वैदिक परम्परा में वाणी के परा, पश्यन्ती, मध्यमा और वैखरी ये चार रूप निरूपित किये गये हैं। काव्यरचना प्रक्रिया में नामान्तर से इनका विनियोग यहाँ स्वीकार किया गया है। अनून्मीलन, अनुदर्शन, अनुभव तथा अनुव्याहरण के विनियोग से आधिभौतिक, आधिदैविक और आध्यात्मिक विश्व काव्य में पूर्णरूप से व्यक्त होता है। अनुकीर्तन पद से यहाँ निर्दुष्ट सगुण, सालङ्कार तथा रसाभिव्यञ्जक शब्दार्थ का सङ्ग्रहण किया गया है। इससे ही काव्य में पूर्णता आती है। और यह ही अलङ्कार है। अतएव अलङ्कार ही काव्य है।[१] इस प्रकार आचार्य ने ब्राह्मण-ग्रन्थों के प्रमाण से लोकानुकीर्तनं ही काव्य है–इस लक्षण की युक्तियुक्तता प्रमाणित की है तथा अन्य आचार्यों के लक्षणों से भी उसकी अन्विति पर विचार किया है।

प्रो॰ राजेन्द्र मिश्र ने काव्यलक्षण प्रसङ्ग में अर्वाचीन काव्यशास्त्रीय आचार्यों का खण्डन मण्डन करते हुए अपने मत को उपन्यस्त किया है। अलङ्कारवादी आचार्य रेवाप्रसाद द्विवेदी के मत को अपने मत में आत्मसात कर प्रो॰ राधावल्लभ त्रिपाठी द्वारा अभिमत लोकानुकीर्तनं काव्यं को परम्परा विरोधी (मतस्वातन्त्र्य) बताकर उसका खण्डन किया है। प्रो॰ शिवजी उपाध्याय तथा डॉ॰ ब्रह्मानन्द शर्मा के मतों को अपने ही मत की पुष्टि करता हुआ बतलाया तथा प्रो॰ रहस विहारी द्विवेदी द्वारा बतलाये गये काव्यलक्षण को भी स्वीकार किया है।

१. लोकानुकीर्तनं काव्यम्।। स च लोकस्त्रिविधः। आधिभौतिक आधिदैविक आध्यात्मिकश्च। अनुषक्त्वं चैतेषां त्रयाणामपि। त्रयाणां च सकलः समुल्लासो जीवनम्। तच्च साहित्ये प्रतिफलति। अनुकीर्तनं चतुर्विधम्। तेनास्य पूर्णता। पूर्णता च अलङ्कारः। तेन अलङ्कार एव काव्यम्।
अभिनवकाव्यालङ्कारसूत्र-प्रथम अधिकरण-प्रथम अध्याय-पृ॰-१-१४

प्रो॰ मिश्र का मत है कि लोकोत्तर आख्यान ही काव्य है, जो रसगर्भ (रसात्मक) हो स्वभावज हो तथा इहलोक-परलोक-दोनों में सहज रूप से यशः प्राप्तिरूपी प्रयोजन वाला हो। शब्द एवं अर्थ की समष्टि से ही कुछ कहा (वर्णित किया) जा सकता है। इसलिए शब्द एवं अर्थ की समष्टि (साहचर्य साहित्य) ही काव्य का पर्याय है। और फिर काव्य संज्ञा वाला वह शब्दार्थ साहित्य मन, वाणी एवं कर्म के स्तर पर लोकोत्तर एवं असंस्तुत (अपरिचित, विलक्षण) होना चाहिए। सगुणत्व (माधुर्यादि गुणों से युक्त होना), अदोषत्व (च्युत संस्कारादि दोषों से रहित होना) एवं निष्प्रयास प्रयुक्त अलङ्कारों का सद्भाव तथा नवनवोन्मेष शालिनी प्रतिभा यही (काव्य की) लोकोत्तरता के कारण है।[१]

पुनश्च कारिकाओं पर स्वोपज्ञ वृत्ति में उसका स्पष्टीकरण करते हुए प्रो॰ मिश्र बतलाते हैं कि शब्द एवं अर्थ की समष्टि द्वारा जो वर्णित किया जाय (आख्यात हो) उसे आख्यान कहते हैं। इस कथन में आचार्य भामह से लेकर मम्मट तक, शब्दार्थ समष्टि को ही काव्य के रूप में अङ्गीकार करने की अविच्छिन्न परम्परा का अनुमोदन हो जाता है तथा पण्डितराजजगन्नाथ द्वारा कथित रमणीयार्थ प्रतिपादक शब्द काव्य है, वह भी प्रकारान्तर से शब्दार्थ समष्टि ही काव्य है, के भाव को प्रकट करता है। इस प्रकार का कोई शब्द नही है जो अर्थ रहित होता हो। न ही ऐसा कोई अर्थ है जो शब्द के बिना प्रवर्तित होता है। दोनो में अविनाभाव है। तो फिर काव्य संघटना के अंगभूत शब्दार्थ-युगल में से किसी एक के प्रति कि मात्र शब्द ही काव्य है अथवा मात्र अर्थ ही काव्य है, स्वारस्य (पक्षपात) प्रदर्शित करना व्यर्थ है। वस्तुतः शब्दार्थ समष्टि ही काव्य सञ्ज्ञा को प्राप्त होती है। पृथग्भूत होकर नहीं। जैसा कि आचार्य आनन्दवर्धन ने कहा है—सहृदयों को आह्लादित करने वाले शब्दार्थों की संघटना ही काव्य है। तो फिर काव्यत्व के प्रसङ्ग में शब्दार्थयुगल में से किसी एक के प्रति विवाद पैदा करने वाली प्रीति का प्रदर्शन उचित नहीं। इसलिए कहा जा रहा है कि आख्यान ही काव्य है। तो क्या, किसी भी प्रकार का आख्यान काव्य होता है या विशिष्ट कोटिक? ऐसी आशंका करके कहा गया—लोकोत्तर आख्यान ही काव्य है। लोकोत्तर कहने से काव्य में रमणीयता के पक्षधर पण्डितराज जगन्नाथ के मत का समर्थन हो जाता है।

---

१. काव्यं लोकोत्तराख्यानं रसगर्भं स्वभावजम्।
परत्रेह च निर्व्याजं यशोऽवाप्तिप्रयोजनम्।।
शब्दार्थसङ्गमेनैव किञ्चिदाख्यातुमिष्यते।
ततश्चोभयसाहित्यं काव्यपर्यायगोचरम्।।
किञ्च, शब्दार्थसाहित्यं काव्यसञ्ज्ञं भवेत्पुनः।
मनसा कर्मणा वाचा लोकोत्तरमसंस्तुतम्।।
सगुणत्वं दोषत्वं निष्प्रयत्नाऽप्यलङ्कृतिः।
प्रज्ञा चापि नवोन्मेषा लोकोत्तरत्वकारणम्।।
अभिराजयशोभूषण-प्रथम अंश-परिचयोन्मेष-कारिका-३४-३७

वह लोकोत्तर आख्यान (काव्य) रस–सिद्ध होता है। इसका तात्पर्य यह है कि तात्कालिक आनन्द प्रदान करने वाले रसोद्रेक से (वह काव्य) प्रत्यक्षर अनुविद्ध होता है। रससिद्ध शब्द के ग्रहण से आचार्य विश्वनाथ के रसात्मक वाक्य काव्य है, का अनुमोदन हो जाता है। काव्य होता है स्वतः स्फूर्त कोई भावोच्छलन। क्योंकि वह सोच–सोचकर या डूब–डूबकर शास्त्रों की तरह आयासपूर्वक नहीं लिखा जाता। पूर्ववर्ती तथा पश्चाद्वर्ती आग्रहों से विनिर्मुक्त यह भावोच्छलन स्वतः स्फूर्त होने के कारण तथा लोकोत्तर होने के कारण होता ही है स्वभावजन्य। शास्त्र प्रभृति अन्यान्य वाङ्मयों की तरह यह काव्य कृत्रिम प्रयत्नों से साध्य नहीं होता।[१]

लोकोत्तरता का विवेचन करते हुए प्रो॰ मिश्र कहते हैं—सगुणत्व का तात्पर्य है—रसाभिव्यञ्जक माधुर्यादि गुणों का साहचर्य। अदोषत्व का तात्पर्य है काव्य के मुख्यार्थभूत रस के विनाश में पर्यवसित पद, वाक्य एवं रसादि के दोषों का अभाव होना। निष्प्रयत्न अर्थात् प्रयासरहित, स्वभावतः समागत अलंकार। नवोन्मेषा अर्थात् नूतन स्फुरणों वाली प्रज्ञा अथवा प्रतिभा! ये सब मिलकर ही लोकोत्तरता के कारण बनते हैं। अपने इन्हीं गुणों (सगुणत्व, अदोषत्व, सालङ्कारत्व तथा प्रतिभाजन्यत्व) के कारण काव्य सामान्य ग्राम्य कथन की तुलना में विलक्षण प्रतीत होता है। वतरस के स्रोतभूत ग्राम्य कथनों में माधुर्यादि गुण नहीं होते हैं और न ही हृदयावर्जक शब्दों एवं अर्थों के अलङ्कार होते हैं और न ही उनमें श्रुतिकटु एवं नेयार्थादि दोषों का अभाव संभव हो पाता है। फिर भी उन ग्राम्य कथनों में तिलभर भी प्रतिभा–संस्पर्श का विलास कहाँ? तो फिर काव्य से भिन्न अभिव्यक्ति में लोकोत्तरता आये कैसे? इस प्रकार काव्य के लोकोत्तर अभिव्यक्ति बन पाने में–सगुणत्व, अदोषत्व, सालङ्कारत्वादि आचार्य मम्मट अभिमत समस्त धर्मों का सद्भाव अपेक्षित है। इस प्रकार प्रो॰ मिश्र ने अपने काव्यलक्षण में आचार्य मम्मट के अभिमत को आत्मसात् कर लिया है। प्रो॰ मिश्र ने रसात्मक, निसर्गजन्य, लोकोत्तराख्यानभूत, आचार्य बच्चूलाल अवस्थी के प्रस्तुत पद्य को उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया है–

निलिम्पा लिम्पन्तु प्रसभमभिकाश्चन्दनघनं
सुरीणां स्वर्णद्यां निधुवनधुवित्रं विधुवतु।

---

१. आख्यायते शब्दार्थसमष्टयेत्याख्यानम्। अनेनाभामहान् मम्मटं यावच्छब्दार्थयोः काव्यत्वाङ्गीकरणस्याविच्छिन्नपरम्पराया अनुमोदनम्। किञ्च रमणीमार्थप्रतिपादनपरस्यापि शब्दस्याङ्गीकारे शब्दार्थावेव काव्यमिति स्फुटं भवति। न कोऽप्येवंविधश्शब्दो योऽर्थविरहितः स्यात्। न चाऽप्यर्थः शब्दादृते सम्भवति। तथा च ध्वनिकार आनन्दवर्धनः–सहृदयहृदयाह्लादिशब्दार्थमयत्वमेव काव्यत्वमिति। तर्ह्यलं काव्यत्वप्रसङ्गे शब्दार्थयोरेकतरस्मिन् कस्मिन्नपि विवादजनयित्रीं प्रीतिं प्रदर्श्य। तस्मादुच्यते आख्यानमेव काव्यम्। रससिद्धशब्दग्रहणेन वाक्यं रसात्मकं काव्यमिति स्थापनापराणां विश्वनाथमहापात्राणां भावानुमोदनम्। काव्यं तावत्स्वतः स्फूर्तं भावोच्छलनं किमपि। नेदं शास्त्रप्रभृतिवाङ्मयान्तरमिव कृत्रिमप्रयत्नसाध्यम्। अभिराजयशोभूषण–परिचयोन्मेष–प्रथम अंश–पृ॰–४०

सुराधानी गन्धैर्मदयतु मुहुर्नन्दनवनं
यदम्बाया अङ्कः प्रथयति सुखं तद् दिवि कुतः॥[१]

अर्थात् कामासक्त देवगण, सत्वरगति से सघन चन्दन का लेप करते रहें। स्वर्गगंगा में देवांगनाओं का रतिव्यापार मृगचर्म का व्यजन झलते हुए, चलता रहे। देवताओं की राजधानी अमरावती भी सौरभभार से नन्दनवन को महकाती रहे। परन्तु वह सुख स्वर्गलोक में कहाँ है जो सुख परामबा (रुद्राणी) के अङ्क में उपलब्ध है।

प्रस्तुत पद्य में माधुर्यादि गुणों का सद्भाव तो प्रत्यक्ष दीख ही रहा है, प्रतिभा के परिपाक से परिणत लोकोत्तरता भी काव्य-सौन्दर्य का पोषण कर रही है। सुराधानी अमरावती की गन्धमादनता का भी अतिशय कर रही है अम्बा की सुखमयी अंकपाली यह कवि की लोकोत्तर अभिव्यक्ति है। इस प्रकार प्रो॰ मिश्र ने स्वाभिमत काव्यलक्षण का विवेचन किया है।

प्रो॰ रहस बिहारी द्विवेदी ने काव्यलक्षण प्रस्तुत करते हुए बतलाया कि–सहृदयों के हृदयाह्लादन एवं लोक के उद्बोधन में सङ्गत प्रतिभाशाली कवि की सद्वाक् (वाणी) ही काव्य कही जाती है।[२]

इस प्रकार अर्वाचीन आचार्यों ने काव्य स्वरूप निर्धारण में अपनी-अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए काव्यलक्षण का परिष्कार किया है। शब्द और अर्थ की समष्टि पर ही पूर्वाचार्यों के भी अपने-अपने मत काव्यशास्त्र में विवेचित हैं। इसी शब्द और अर्थ के साम्य से ही किसी सार्थक वाक्य को कहा जा सकता है उसी से कोई सार्थक अर्थाभिव्यक्ति होती, जिससे सहृदय जनों को रसानुभूति तथा अन्य पदार्थों का बोध होता है। इस शब्द और अर्थ की समष्टि के काव्यत्व पर ही पूर्वाचार्य तथा अर्वाचीन सभी आचार्यों ने अपनी-अपनी वाणी को काव्यबद्ध किया है। अतः गुणालङ्कार रसजन्य शब्दार्थ का सहभाव ही काव्य है।

---

१. सम्प्रति काव्यस्य लोकोत्तरत्वं विवृणोति ग्रन्थकारः। सगुणत्वंर साभिव्यञ्जकानां माधुर्यादिगुणानां साहचर्यम्। नवोन्मेषा नित्यस्फुरणा प्रज्ञाप्रतिभा। एतत्सर्वं सम्भूय काव्यलोकोत्तरत्वकारणम्। सामान्यग्राम्यकथनापेक्षया काव्यमेभिरेव गुणैरतिरिच्यते। मम्मटाचार्यस्याप्यभिप्रायो गृहीतः स्वोपज्ञकाव्यलक्षणे।
अभिराजयशोभूषण-प्रथम अंश-परिचयोन्मेष-पृ॰-४०-४१

२. लोकोत्तरे हृदाह्लादे लोकोद्बोधे च सङ्गता।
प्रज्ञावतः कवेः सद्वाक् काव्यमित्यभिधीयते॥
नव्यकाव्यतत्त्वमीमांसा- दूर्वा-पत्रिका- द्वितीयोन्मेष-अप्रैल-मई-जून अंक-२००५

चरणदासी सम्प्रदाय का साहित्य को अवदान

श्रीमती नीलम रानी

सं. 1760 से 1850 के बीच का काल जहाँ मुगलवंश और उसके साथ ही भारत में इस्लामी साम्राज्य के क्रमश: विखंडन का युग था, वहीं मराठों, सिक्खों और अंग्रेजों के उत्कर्ष का भी युग था। हिन्दू-मुसलमान-मिश्रित तत्कालीन समाज और संस्कृति में पश्चिम की सभ्यता अंग्रेजी शक्ति के माध्यम से भारत में अपना स्थान बना रही थी। ऐसे ही संक्रान्ति काल में संत शिरोमणि श्री चरणदास जी ने योग, ज्ञान और कर्म से सम्पुष्ट नवधा भक्तिमार्ग का अवलम्बन ग्रहण कर हिन्दू जनता में अपने धर्म और पारम्परिक जीवन मूल्यों के पुनर्जागरण का संदेश सुनाया। उन्होंने निर्गुण काव्यधारा के संतों, नाथपंथी योगियों तथा वैष्णवों की कालोचित मान्यताओं के साथ नवधाभक्ति तथा वृन्दावन की रसिक साधना को सम्मिलित करके एक सर्वथा मौलिक एवं प्रासंगिक साधनामूलक आचार-विचारों और जीवन मूल्यों की स्थापना की।[1]

मिती अगहन (मार्गशीर्ष) शुक्ल सप्तमी, बुधवार, सं. 1839 वि. को 79 वर्ष और 3 माह की आयु में जब चरणदास जी की इहलीला पूर्ण हुई, उस समय उनके विरक्त शिष्यों की संख्या उनके शिष्य जसराम उपगारी की 'भक्ति बावनी' के अनुसार 5000 थी और गृहस्थ शिष्यों की संख्या अगणित थी। बड़ी ग-ियों में चरणदास जी के सर्वाधिक योग्य और निकटतम तीन शिष्यों की दिल्ली स्थित ग-ियों को 'आचार्य ग-ी' की उपाधि प्राप्त हुई थी। ये ग-ियाँ सुश्री सहजो बाई, रामरूप जी और गो. जुगतानंद जी की थीं। इनमें भी अधिकाधिक साहित्य-सृजन एवं शिष्य-संख्या में प्रसार करके प्रथम स्थान प्राप्त करने की होड़ बनी रही। अन्ततः गुसाईं जुतानंद को 'महन्तान् महंत' की मान्यता चरणदासी संप्रदाय ने प्रदान की।[2]

इन तीनों आचार्य-ग-ियों ने समूचे उत्तरी भारत के अनेकानेक स्थानों की बड़ी-छोटी ग-ियों के परस्पर संपर्क एवं उनमें समन्वय की दृष्टि से अच्छा कार्य किया। आगे भी इन ग-ियों के शिष्यों और उनकी शिष्य-परम्परा ने स्थान निर्माण या नई-नई ग-ियों की स्थापना का क्रम जारी रखा। फलत: सं.1900 वि.तक चरणदासी ग-ियों की संख्या 1500 तक पहुँच गईं। चूँकि दिल्ली की आचार्य ग-ियों को 'गुरुद्वारा' की मान्यता प्राप्त थी, अत: उनके द्वारा

---

१. श्री शुक सम्प्रदाय प्रकाश (सं० श्रीरूपमाधुरीशरण) में उद्धृत: पृ० २—६। गुरूभक्तिप्रकाश: पृ० ३—४

२. श्री शुकसम्प्रदायसिद्धान्त चन्द्रिका : पृ० ११

अपने सम्प्रदाय की उत्तर भारत के विशाल क्षेत्र में फैली इन ग-ियों का नियमन होता रहा और इन सबसे सम्पर्क बना रहा। सन् 1857 ई. (सं.1914 वि.) में हुए 'गदर' में सक्रिय रूप से सहभागिता के कारण यह सम्प्रदाय अत्यधिक प्रभावित हुआ और उसकी प्रगति मन्द पड़ गई तथा केन्द्रीय नियन्त्रण भी शिथिल हो गया।[1] इस सम्प्रदाय के अनेक मठ-मन्दिर उजड़ गये तथा उनके पुस्तकागार और बैभव के साधन छिन्न-भिन्न हो गये। यह एक ऐसा झटका था, जिससे उबरने में इस सम्प्रदाय को लगभग 50 वर्ष लग गये।

स्वयं चरणदास जी, उनके 108 प्रमुख बानाधारी एवं ग-ियों के संस्थापक शिष्यों और इन शिष्यों की शिष्य परम्पराओं ने सम्प्रदाय के संवर्द्धन, प्रचार-प्रसार, सिद्धान्त-निरूपण और अन्य प्रकार के विकास कार्यों के साथ ही साहित्य-सृजन के प्रति भी अनुकरणीय कर्त्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया।[2] उन्होंने केवल साधना सम्बन्धी, साम्प्रदायिक तथा उपेदशमूलक साहित्य रचकर ही अपने कर्त्तव्य की इतिश्री समझी हो, ऐसी बात नहीं है। इस परम्परा में हुए सिद्धान्त-निरूपकों तथा काव्य-रचयिताओं में लगभग 200 ऐसे कवि हुए, जिनकी रचनाओं को ललित साहित्य एवं शुद्ध काव्य की कोटि में स्थान दिया जा सकता है। आजकल एक प्रथा सी चल पड़ी है कि सन्तों या भक्तों द्वारा रचित साहित्य को उपेदशमूलक तथा असाहित्यिक कोटि का काव्य मानकर उसे बिना पढ़े ही साहित्य कहे जाने के अधिकार से वंचित कर दिया जाता है, अथवा यह कहकर उसे किनारे रख दिया जाता है कि 'आज के सन्दर्भ में जो रोटी-रोजी के साधन रूप में उपयोगी न हो, वह अप्रासंगिक है।' इस मनोवृत्ति का शिकार आज का नवयुवक एवं तथाकथित बौद्धिक वर्ग वस्तुत: भक्ति साहित्य की अप्रासंगिकता की बात की आड़ में अपने अज्ञान, पढ़ने-लिखने के प्रति रुचि का अभाव और अपनी अकर्मण्यता को छिपाने का एक अच्छा एवं सम्मानजनक साधन मानने लगा है। इस मनोवृत्ति का परिणाम आज यहाँ तक प्रकट हुआ है कि अब सूर-तुलसी का साहित्य भी साहित्य की कोटि में और पठन-पाठन के क्षेत्र में कब तक बना रहेगा, यह कहना कठिन है।

ज्ञातव्य है कि इस सम्प्रदाय से संबद्ध लगभग 250 कवियों की कृतियों का अब तक पता चल चुका है। इतने ही कवियों की रचनाएँ। अभी तक शोध्य बनी हुई हैं।[3] इस विशाल साहित्य-भण्डार का अपना एक स्वतंत्र इतिहास बन सकता है जबकि स्थिति यह है कि चरणदास जी, सुश्री सहजो बाई, दया बाई जी और श्री अखैराम जी के

---

१. श्री शुक सम्प्रदाय सिद्धान्त चन्द्रिका (सरसमाधुरीशरणकृत) : पृ० १२–१३

२. एक दृष्टि सब ओर निहारे। सब सों प्यार करें इक सारे।
राव रंक दोऊ चलि आवैं। हित सों सबको ओर लखावैं।।
हाथी और पालकी वारे। हिन्दू तुरक भीड़ हो भारे।
जो कोई दुष्ट कहै इन आगे। ताकी चित दै सुनने लागे।
सब विधि वाकी करैं सहाई। तन मन सों सबके सुखदायी।।

— गुरूभक्तिप्रकाश: पृ० ६७

३. भेष भया जब पाँच हजारा। एक दिना यों बचन उचारा।।
हम या जग सूँ भये उदासा। अब निज धाम करेंगे वासा।।

— भक्तबावनी (हस्तलिखित प्रति) : पत्र सं० २२३।

अतिरिक्त इस सम्प्रदाय का अन्य कोई भी कवि हिन्दी साहित्य के इतिहास में उल्लिखित नहीं है। इसका मुख्य कारण यह है कि इस सम्प्रदाय का अधिकांश साहित्य इसके विभिन्न कालों और स्थानों में हुए संतों-महंतों द्वारा रचित है और अपनी-अपनी शिष्य परम्परा में पूजा के योग्य माना जाता रहा है।[1] अत: वह आंशिक रूप में ही प्रकाश में आ सका।[2] इस सम्प्रदाय के कवियों की वाणियों का पुनर्लेखन एवं संग्रह इनकी ग-ियों में आरम्भ से ही होता आया है और यह प्रवृत्ति आज भी अक्षुण्ण है। इतना ही नहीं बल्कि अन्यान्य साधना सम्प्रदायों तथा स्वतंत्र वृत्ति के काव्य सर्जकों की कृतियाँ भी इन साधना केन्द्रों पर उपलब्ध हैं। गुरुजनों, आचार्यों, गुरुभाइयों तथा अन्य लोगों द्वारा लिखित उच्चकोटि की रचनाओं की प्रतिलिपि करना इस सम्प्रदाय में पुण्यकार्य के रूप में मान्य है।[3]

इतना तो स्पष्ट है कि इस सम्प्रदाय की अब तक ज्ञात रचनाओं में काव्य की प्राय: सभी विधाएँ मिलती हैं।[4] इनमें चरितकाव्य, महाकाव्य, पौराणिक प्रबन्ध, खण्डकाव्य, मुक्तक और गीत आदि के साथ पद्यबद्ध नाटकों, आख्यायिकाओं, सिद्धान्तनिरूपक-अवतरणों, बारहमासा, चौमासा, गोष्ठी, कीर्तन, नाममाला, स्तोत्र, आरती, माहात्म्य, अनुवाद तथा उलटवासियाँ आदि अनेक काव्य रूपों की कृतियाँ सम्मिलित हैं।[5]

जहाँ इस विपुल साहित्य की जानकारी पाठक और अनुशीलनकर्त्ता को चमत्कृत करती है, वहीं अन्तर्निहित गुणात्मक वैशिष्ट्य के कारण उसमें प्रचुर आकर्षण भी वर्तमान है। इस सम्प्रदाय के प्रारम्भिक खेमें के कुछ कवि निश्चित रूप से काव्य-कौशल की दृष्टि से भक्तिकाल और रीतिकाल के उच्चकोटि के कवियों से तुलनीय हैं।[6] इनमें भी श्री चरणदास जी के शिष्य गोसाईं नागरीदास तो महाकवि केशवदास से भली-भाँति टक्कर ले सकते हैं।[7]

इस सम्प्रदाय के साहित्य में कहीं तो हमें सधुक्कड़ी भाषा में रचित सन्तबानी शैली की रचनाएँ मिलती हैं, तो कहीं वृन्दावन के राधा-कृष्णभक्त तथा सखीभाव के भक्त कवियों की रसिक शैली के मधुर साहित्य का अस्तित्व मिलता है।[8] एक ही कवि की रचनाओं में सन्त और राधा-कृष्ण भक्त कवियों की रचना शैली के साथ ही नाथपंथी योगियों की अभिव्यक्ति पद्धति की भी झलक पाकर उनकी असाधारण धारणा-शक्ति पर आश्चर्य होता है।[9] ऐसा सम्भवत: इसलिए हो सका है कि इस सम्प्रदाय में ब्रह्म का जो स्वरूप मान्य है, वह उसके मूलत: परात्पर और निर्गुण-निराकार रूप का सगुण, साकार और सोपाधि ब्रह्म रूप से होता हुआ रासबिहारी और वृन्दावनबिहारी श्रीकृष्ण तक

---

१. गुरू महिमा: पृ० ३०

२. श्री शुक सम्प्रदाय प्रकाश (सं० श्री रूपमाधुरीशरण) में उद्धृत: पृ० २—६

३. दि इनसाइक्लोपीडिया आफ रिजिनल एण्ड एथिक्स: भाग ३, पृ० ३३५—३६६

४. ट्राइव्ज एण्ड कास्ट्स आफ नार्थ वेस्ट प्राविंसेज एण्ड अवध: भाग २, पृ० १०—१२

५. एसेज़ एण्ड लैक्चर्स आन दि रिलिजन: भाग १, पृ० ८८०

६. दि निर्गुन स्कूल आफ हिन्दी पोएट्री: पृ० २६५—२७०

७. हिन्दी के कवि और काव्य: पृ० २०२—२०४

८. हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास (चतुर्थ सं०) : पृ० २८४—८५

९. सन्त साहित्य : पृ० ११०—११३

व्याप्त है। इस सम्प्रदाय के आराध्य राधा-कृष्णयुगल चिरकिशोरी और चिरकिशोर हैं। उनके इस नित्यलीलारसिक रूप में उनका ब्रह्मत्व, ईश्वरत्व और विष्णुत्व ये तीनों ही समाहित हैं। श्री राधा-कृष्ण की सारी लीला और उनका सारा स्वरूप अपने समस्त परिकर और परिवेश के साथ ब्रह्म की अपनी माया (जो उससे अलग न होकर उसी की शक्तिस्वरूपा तथा उसी में निहित है) के साथ नित्य या शाश्वत लीला विग्रह के स्वरूप में मान्य है।[1] इसे जनसाधारण अज्ञानवश मानवी लीला मान सकते हैं, परन्तु भगवद्भक्त इसे भगवान् की लीला के रूप में दिव्यता के साथ इसे जानने और देखने को उत्सुक रहते हैं तथा ज्ञानी इसे परब्रह्म की नित्यलीला मानते हैं।[2] यह अन्तर वस्तुतः चर्मचक्षुओं, ज्ञानचक्षुओं और दिव्यचक्षुओं के भेद से दिखाई देता है।

योग के क्षेत्र में अष्टाङ्ग योग इस सम्प्रदाय को मान्य है। ज्ञान का वैराग्यमूलक स्वरूप भी यहाँ स्वीकृत है। विरक्त और गृहस्थ दोनों के लिए नवधा-भक्ति का विधान इस सम्प्रदाय का कर्ममार्ग है।[3] इस प्रकार अपनी कुछ मौलिकताओं और विशिष्ट रुझानों के साथ यह सम्प्रदाय मुख्यतः परम्परावादी है। वैष्णव मतों में जो पूजा पद्धति की दैनिकचर्या तथा अष्टयाम उपासना का जो भी विधान स्वीकृत है वह शुकसम्प्रदाय में भी स्वीकृत है।[4] इसके वाह्याचारों

---

१. भक्त चरितावली : भाग १, पृ० ३४०—३४२

२. उत्तरी भारत की सन्त परम्परा (द्वितीय सं०) : पृ० ७१९—२८

३. चरणदास के निर्गुण, निराकार, निर्विकार परब्रह्म के विषय में सविस्तार विचार करने से पूर्व देश में निर्गुण उपासना के विकास का अत्यन्त संक्षेप में अध्ययन कर लेना आवश्यक प्रतीत होता है ताकि हम समझ सकें कि कबीरदास से प्रभावित होते हुए भी चरणदास ने कहाँ तक प्राचीन चिन्तन परम्परा तथा वैदिक मत को ग्रहण करके निर्गुण ब्रह्म का उपदेश दिया है। — चरनदासः पृ० २७५।

४. ऐसी माया संग ले, भयो पुरूष अभिराम।
ईश्वर नारायण वही, ताही को परणाम।।
जिनसों ब्रह्मा जू भये, उपजावन जगदीश।
परदक्षिण तिनकी करूँ, चरणन राखूँ शीश।।
जिनके श्रीवशिष्ठ मुनि, बोधरूप आनंद।
तिनके श्री शक्ति तनय, नमो नमो सुख सिंध।।
पाराशर तिनकी कला, तपसी अति निष्काम।
रामरूप जन करत है, बारंबार प्रणाम।।
वेदव्यास तिनसो भये, सो ईश्वर अवतार।
तीन कांड परगट किये, प्रणमों बारंबार।।
जिनके श्री शुकदेव हैं, जानत सब संसार।
सो मेरे मन में बसो, उनहीं के आधार।।
जिनके चरणहिं दास हैं, नादपुत्र ही जान।
तिनकी सतसंगति किये, मिटै तिमिर अज्ञान।।
— गुरूभक्तिप्रकाश : पृ० १

के निर्धारण में परम्परा से चले आते लोकमान्य आचार-विचारों के साथ 'श्रीमद्भागवत', 'श्रीमद्भगवद्गीता', 'पद्मपुराण', और 'स्कन्दपुराण' आदि में वर्णित आचार-संहिता के समन्वित रूप का विशेष महत्व है।[1] इसका प्रमाण यह है कि इस सम्प्रदाय के अनेक कवियों ने 'श्रीमद्भागवत' और 'गीता' का अपने-अपने ढंग से अनेकश: अनुवाद किये हैं। 'पद्मपुराण' और 'स्कन्दपुराण' में समाविष्ट 'एकादशी माहात्म्य', 'कार्तिक माहात्म्य', 'माघ माहात्म्य' और 'वैसाख माहात्म्य' जैसे काव्यबद्ध अनूदित ग्रंथों की बड़ी संख्या में प्राप्ति इसका प्रमाण है।[2]

सतत परिवर्तित हो रहे जीवनमूल्यों और धार्मिक वृत्ति के ह्रास से आहत होने पर भी यह एक जागृत और अपने मूल स्वरूप की रक्षा में प्रयत्नशील साधना संप्रदाय है। कालचक्रानुसार अपने आपको ढाल लेने की इसमें अद्भुत शक्ति है। इसकी अधिकांश समृद्ध विरक्त ग-ियाँ पिछले 75 वर्षों से तीव्र गति से गृहस्थ ग-ी या व्यक्तिगत सम्पत्ति के रूप में परिवर्तित होकर अपना स्वतन्त्र एवं प्रभावशाली अस्तित्व खोती जा रही हैं। ऐसा प्राय: सभी संप्रदायों के साथ हो रहा है। इस चाकचिक्य ओर अनास्था के युग में ब्रह्मचर्य-व्रत और विरक्ति का पालन अत्यन्त कठिन हो गया है।

---

१. श्री रामसखी कृत भक्तिरसमंजरी : पत्र सं० १

२. अपये 'ब्रजचरित्र' नामक ग्रंथ में स्वयं चरणदास ने भी इस परम्परा का संकेत इन शब्दों में किया है —

नारदमुनि अरू व्यास जू, करिये कृपा दयाल।
अक्षर भूलों जो कहीं, कहो मोहिं तत्काल।।
श्री शुकदेव दयाल जू, मम मस्तक पर ईश।
ब्रज चरित्र मैं कहत हूँ, तुमहिं नवाऊँ शीश।

— भक्तिसागर : पृ० २

सम्प्रदाय शुकदेव की, आचारज रणजीत।
द्वारे निकसे अनेक ही, भक्ति प्रकट कर दीत।।
जै जै श्री शुकदेव, सम्प्रदा तासु कहाई।
भगवत धर्म बखान, जगत में भक्ति चलाई।।
शिष्य कियो रणजीत, सर्वगति ईश अचारज।।
भये अभय बहु जीव, सबन के सारे कारज।।
यह सम्प्रदाय पाँचवीं, द्वारे हैं बहु भाँति ही।
रामरूप लागो सरण, जब मन आई शांति ही।।

— मुक्तिमार्ग, श्री रामरूपकृत : पृ० २९८

भारतीय सनातन साहित्य में वर्णित मानव के सामान्य धर्म : एक अनुशीलन

डॉ. राघवेन्द्र पाण्डेय

सामाजिक जीवन के लिए निर्धारित आचार श्रृंखला के वे कर्म जो देश, काल, पात्र में परिवर्तन होने पर भी अपरिवर्तित बने रहते हैं उन्हें शास्त्रों में सामान्य धर्म या साधारण धर्म कहा गया है। सामान्य धर्म का पालन हर स्थान और हर वर्ण के व्यक्ति द्वारा किया जाना अपेक्षित समझा जाता है। इसमें वर्ण (सामाजिक स्तर), आश्रम (जीवन की अवस्था), सम्प्रदाय (धार्मिक विश्वास), लिङ्ग (स्त्री या पुरुष), वय (आयु) की अपेक्षा नहीं की जाती है। इसमें देशकाल का भी भेद नहीं किया जाता है। यह सार्वभौम, सार्वजनीन और देशकालातीत है।

वैदिक संहिताओं में अनेक स्थलों पर सामान्य धर्म की चर्चा है। वैदिक ऋषि उत्तम और कल्याणकारी संकल्प[१] – ''मन: शिवसंकल्पमस्तु'' को प्रत्येक व्यक्ति का प्रधान धर्म समझते थे। शुद्ध, पवित्र और परोपकारमय आचरण[२] और पुण्य की कमाई[३] से जीवन निर्वाह करना उनका नैतिक आदर्श था। पारस्परिक मित्रता, अद्वेष, प्रेम, प्राणियों पर दया एवं भूखे याचक और मित्र को अन्नदान उनके दैनिक जीवन का सामान्य कर्त्तव्य था[४] और वे सामाजिक एकता और निर्भयता

---

१. यज्जाग्रतो दूरमुदैति दैव तदु सुप्तस्य तथैवेति।
दूरंगमं ज्योतिषां ज्योतिरेकं तन्मे मन: शिवसंकल्पमस्तु।। यजुर्वेद ३४/१

२. मोघमन्नं विन्दते अप्रचेता: सत्यं ब्रवीमि वध इत्स तस्य।
नार्यमणं पुष्यति नो सखायं केवलाघो भवति केवलादि।। ऋग्वेद १०/१७/६

३. ऋतेन गुप्त ऋतुभिश्च सर्वैर्भूतेन गुप्तो भव्येन चाहम्।
मा मा प्रापत् प्राप्मा मोत मृत्युरन्तर्दधेऽह सलिलेन वाच:।। अथर्ववेद १७/१/२९

४. न स सखा यो न ददाति सख्ये सचाभुवे सचमानाय पित्व:।
अपास्मात् प्रेयान्न तदोको अस्ति पृणन्तमन्यमरणं चिदिच्छेत्।। ऋग्वेद १०/११७/४

के उपासक थे।[१] लालच, हिंसा और चोरी उनके लिए त्याज्य कर्म था।[२] वे जानते थे कि सत्य और मधुर भाषण का अवलम्बन कर ही सामाजिक समस्याओं का समाधान किया जा सकता है।[३] आलस्य त्याग और कठिन श्रम द्वारा मातृभूमि की सेवा करना स्वराज्य के लिए प्रयत्न करना एवं आवश्यकता पड़ने पर राष्ट्रहित में बलिदान हो जाना आर्यों का सामान्य धर्म था।[४] आर्यों द्वारा आचरित इन सामान्य धर्मों का एक मात्र लक्ष्य था उन्नत होना और आगे बढ़ना।[५]

औपनिषदिक ऋषियों का दृढ़ विश्वास था कि जबतक मनुष्य दुराचरण का त्याग नहीं होता तब तक वह अपने उद्देश्य की सिद्धि में सफल नहीं हो सकता है।[६] वे इस बात को अच्छी तरह समझते थे कि लोभ संवरण एवं त्याग प्रदर्शन द्वारा ही सामाजिक कल्याण की प्राप्ति हो सकती है। उनका दृढ़ विश्वास था कि धर्माचरण से पतित व्यक्ति किसी भी कार्य में सफलता प्राप्त नहीं कर सकता – ''धर्माचारा: प्रहीयन्ते सिद्धन्ति च न मानवा:।[७] आर्यों ने अपने जीवन में धर्म को इस प्रकार अङ्गीकार किया कि शान्ति, तितिक्षा, दान्तता, सत्यवादिता, इन्द्रिय-निग्रह, दानशीलता, दया और नम्रता का समावेश अपने कर्म में हमेशा बना रहे – आर्य: स्यादष्टभिर्गुणै:।[८] महाभारत में स्पष्टत: अक्रोध, अद्रोह, त्यागपूर्ण भोग, स्वपत्नी से सन्तानोत्पादन, पवित्राचरण, सरलता, सत्यभाषण, क्षमा, उदारता इत्यादि का उल्लेख सभी वर्णों के सामान्य धर्म के रूप में किया गया है।[९] मनु ने भी इसमें से अधिकांश को स्वीकार करते हुए बतलाया है कि अहिंसा, सत्यवचन,

---

१. समानी व आकूति: समाना हृदयानि व:।
समानमस्तु वो मनो यथा व: सुसहासति।। ऋग्वेद १०/१९१/४

२. ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्। त्येन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृध: कस्यस्विद्धनम्।।
यजुर्वेद ४०/१।। एवं ईशावास्योपनिषद् १
एवं, अनेकचित्तविभ्रान्ता मोहजालसमावृता:। प्रसक्ता: कामभोगेषु पतन्ति नरकेऽशुचौ।।
श्रीमद्भगवद्गीता १६/१६

३. अग्ने व्रतपते व्रतं चरिष्यामि तच्छकेयं तन्मे राध्यताम् ।
इदमध्मनृतात्सत्यमुपैमि।। यजुर्वेद १/५

४. बीभत्सायै पौल्क सं वर्णाय हिरण्यकारं तुलायै वाणिजं पञ्चदोषाय ग्लाविनं विश्वेभ्यो भूतेभ्य: सिध्मलं भूत्यै जागरणमभूत्यै स्वपनमार्त्यै जनवादिनं वृद्धया अपगल्म स शराय प्रच्छिदम्।। यजुर्वेद ३०/१७

५. अनुहूत: पुनरेहि विद्वानुदयनं पथ:। आरोहणमाक्रमणं जीवतोजीतोऽयनम्।। अथर्ववेद ५/३०/७

६. नाविरतो दुश्चिरितान्नाशान्तो नासमाहित:।
नाशान्तमानसो वापि प्रज्ञानेनैनमाप्नुयात् ।। कठो०उप० १/२/२४

७. महाभारत, वनपर्व, १२/८.

८. कल्याण, हिन्दू संस्कृति अंक, पृ० १७४.

९. अक्रोध: सत्यवचनम् संविभाग: क्षमा तथा। प्रजन: स्वेषु दारेषु शौचमद्रोह एव च
आर्जवं भृत्यभरणं नवैतो सार्ववर्णिका।। महाभारत, शा० ६०/७-८

परद्रव्य का अपहरण नहीं करना, शुचिता और इन्द्रिय संयम सभी वर्णों के सामान्य धर्म हैं।[१] साथ ही मनु ने धर्म के दशविध लक्षण का भी प्रतिपादन किया है।[२] धृति, क्षमा, दम, अस्तेय, शौच, इन्द्रियों को वश में करना, ज्ञान, विद्या, सत्य, क्रोध का त्याग ये सामान्य धर्म के दस लक्षण हैं। मनु का मानना है कि चारों आश्रमों में रहने वाले द्विजों को इन दस प्रकार के धर्म का यत्नपूर्वक सेवन करनी चाहिए। विष्णु संहिता में इन धर्मों के साथ-साथ गुरू-सेवा, तीर्थ-दर्शन, ऋजुता, देव ब्राह्मण पूजन और अनसूया को भी सामान्य धर्म बतलाया गया है।[३] विष्णु-पुराण के अनुसार सहनशीलता, अमानिता, अधिक श्रम नहीं करना, मंगलाचरण, मैत्री, निष्कामता, अकृपणता एवं पर-छिद्रान्वेषण नहीं करना भी सभी वर्णों के सामान्य धर्म हैं।[४] गौतम धर्म सूत्र में भी इन्हीं आचरणों को सामान्य धर्म के रूप में स्वीकार किया गया है।[५] याज्ञवल्क्य ने भी दान, दया, दम और क्षान्ति को सामान्य लोगों के लिए धर्म का साधन बतलाया है।[६]

शब्दकल्पद्रुम[७] में सामान्य कर्म की चर्चा करते हुए कहा गया है कि सुपात्र को दान देना, ईश्वर भक्ति, माता-पिता की सेवा करना, श्रद्धा, प्राणियों को आहार दान और गोग्रास प्रदान करना धर्म के छः प्रधान लक्षण हैं। मानव मात्र का परम कर्त्तव्य भी है कि इनका तत्परता से पालन करें पद्मपुराण के भूमिखण्ड में ब्रह्मचर्य, सत्य, तप, दान, नियम, क्षमा, शौच, अहिंसा, सुशान्ति, अस्तेय, अद्रोह, अलोभ, इन्द्रिय निग्रह, करुणा और धैर्य आदि को मानव के सामान्य धर्म के रूप में स्वीकार किया गया है। श्रीमद्भागवत में तप, शौच, दया और सत्य ये धर्म के चार पाद बताए गए हैं। इन्हीं के साथ धर्म के तीस लक्षणों का भी उल्लेख किया गया है।[८] इन्हीं सामान्य धर्मों को योगशास्त्र में यम और नियम के नाम से परिगणित किया गया है।

धर्मशास्त्रों में अनेक सामान्य धर्मों में से किसी एक को स्थल विशेष पर सर्वाधिक विशिष्ट बतलाया गया है। महाभारत के अनुशासन पर्व में अहिंसा को अन्य धर्मों की अपेक्षा अधिक श्रेष्ठ

१. अहिंसा सत्यमस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रहः।
एतं सामासिकं धर्म चातुर्वर्ण्येऽब्रवीन्मनुः।। मनु० १०/६३

२. धृति क्षमा दमोऽस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रहः।
धीर्विद्या सत्यमक्रोधो दशकं धर्मलक्षणम् ।। मनु० ६/९२

३. कल्याण, धर्माङ्क, पृ० २३.

४. दयासमस्तभूतेषु तितिक्षानातिमानिता। सत्यं शौचमनायासो मङ्गलं प्रियवादिता मैत्र्यस्पृहा तथा तद्वदकार्पण्यं नरेश्वर। अनसूया च सामान्यवर्णानां कथिताः गुणाः। विष्णु पुराण ३/८/३६-३७.

५. गौतमधर्मसूत्र, ७/२०/२२.

६. कल्याण, धर्माङ्क, पृ० १९३.

७. पात्रे दानं मतिः कृष्णे मातापित्रोश्च पूजनम् ।
श्रद्धा बलिगर्वाग्रासः षड्विधं धर्मलक्षणम् ।। शब्दकल्पद्रुम पद्मोत्तर खण्ड

८. श्रीमद्भागवत महापुराण, ७/११/८-१२.

एवं पुण्य जनक बतलाया गया है। अनुशासन पर्व के ही एक स्थल पर अहिंसा का चित्रण परम-धर्म, परम-तप, परम-सत्य, परम-दान, परम-यज्ञ, परम-मित्र और परम-सुख के रूप में किया गया है।[१] उसी पर्व में कहा गया है कि देव, अतिथि सेवा, यज्ञ, तप, दान, दम, वेदाध्ययन आदि अहिंसा धर्म की सोलहवीं कला के बराबर भी नहीं है। याज्ञवल्क्य स्मृति में कहा गया है कि प्राणियों की हिंसा करने वाला स्थावर (वृक्ष, लता) आदि योनियों में उत्पन्न होता है।[२] मनु ने भी अहिंसा की महत्ता को स्पष्ट करते हुए कहा है कि हिंसा करने वाला अधिक रोगी और अहिंसा करने वाला निरोगी होता है। अहिंसा से सुख की प्राप्ति होती है। जो जीवों का बध तथा बन्धन नहीं करना चाहता वह सबका हिताभिलाषी अत्यन्त सुख प्राप्त करता है।[३] स्कन्द पुराण में कहा गया है शाक, मूल और फल का भोजन करने वाला ब्रह्मचर्य परायण पुरुष भी यदि हिंसा कर्म में तत्पर है तो उसे अपने नियम और व्रत का कोई फल नहीं मिलता। हितोपदेश में अहिंसा के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा गया है कि परस्पर से भिन्न मतवाले धर्मशास्त्रों का भी 'अहिंसा परम धर्म है', इस बात में ऐक्यमत है। हितोपदेश में ही आत्मौपम्यभाव के द्वारा अहिंसा को स्थापित करने की चेष्टा की गयी है – "स्वयं को, विपत्ति आदि के समय, 'अब मेरी अवश्य मृत्यु होगी' ऐसे चिन्तन से जितना दु:ख स्वयं को होता है, उतना ही दु:ख दूसरे को भी होता है, ऐसा समझकर कभी भी किसी की भी हिंसा नहीं करनी चाहिए।" अत: जब स्वाभाविक रूप से उत्पन्न शाकादि से पेट भर सकता है तो उदर तृप्ति के लिए हिंसात्मक पाप क्यों किया जाय। इस आत्मौपम्यभाव का महाभारत में अनेकश: प्रतिपादन किया गया है। भीष्म युधिष्ठिर को धर्म का मर्म समझाते हुए कहते हैं कि हम दूसरों से जैसा व्यवहार किया जाना पसन्द नहीं करते वैसा व्यवहार हमें दूसरों के साथ नहीं करनी चाहिए। जो स्वयं जीवित रहने की इच्छा करता है वह दूसरों को कैसे मारेगा? मनु का कहना है कि धर्माभिलाषी पुरुष को अहिंसा के द्वारा ही कल्याणार्थ उपदेश करना चाहिए तथा मधुर वचन बोलना चाहिए। वे तो यहाँ तक कहते हैं कि स्वयं दु:खित होते हुए भी दूसरों को दु:ख न दे, दूसरे का उपकार करने का विचार करें, अपकार करने का नहीं, और जिस वचन से कोई दु:खित हो ऐसा स्वर्ग प्राप्ति का बाधक वचन न कहे। गीता में भगवान् श्रीकृष्ण ने दैवी सम्पत्ति की परिगणना में सर्वप्रथम अहिंसा को रखा है- "अहिंसा सत्यक्रोधस्त्याग: शान्तिरपैशुनम्। दयाभूतेष्वलोलुप्त्वं मार्दवं ह्रीरचापलम्।।" वस्तुत: अहिंसा को जाति, देश, काल द्वारा सीमित न कर इनका सार्वभौम परिपालन उचित है। सभी भूमियों में, सभी विषयों में सार्वभौम होने पर ये महाव्रत कहलाते हैं, और जिस योगी में अहिंसा की प्रतिष्ठा हो जाती है, अर्थात् हिंसा वितर्क समूह दग्ध बीज कल्प

---

१. महाभारत, अनुशासन पर्व, ११५/२३, ११६/२८-३०.

२. याज्ञवल्यक्यस्मृति, ३/१३६.

३. यो बन्धनबधक्लेशान्प्राणिनां न चिकीर्षति।
स सर्वस्व हितप्रेप्सु: सुखमत्यन्तमश्नुते ॥ मनुस्मृति ५/४६

हो जाते हैं, उनकी सन्निधि में सभी प्राणी निर्वैर हो जाते हैं – ''अहिंसाप्रतिष्ठायां तत्सन्निधौ वैरत्याग:।'' हिंसा से बढ़कर कोई पाप नहीं और दया से बढ़कर कोई धर्म नहीं – 'नास्ति हिंसा समं पापं नास्ति धर्मो दया पर:।''

वेद[१], उपनिषद्[२], और वाल्मीकि रामायण[३] आदि ग्रन्थों में यत्र-तत्र सत्य को ही श्रेष्ठ धर्म बतलाया गया है। हरिश्चन्द्र और गांधी जैसे अनेक व्यक्ति सत्य धर्म के परमोपासक के रूप में भारतीय समाज द्वारा प्रतिष्ठित किए गये। महाभारत[४] में भी सत्य के त्रयोदश रूप को बतलाते हुए इसके अन्तर्गत समता, दम, अमात्सर्य, क्षमा, तितिक्षा, अनुसूयता, त्याग, ध्यान, आर्यत्व, धृति, दया, अहिंसा की गणना की गयी है। पातञ्जल योग दर्शन में कहा गया है कि सत्य के प्रतिष्ठित होने पर वाक्य क्रिया फल के आश्रयत्व के गुणों से युक्त होता है – ''सत्यप्रतिष्ठायां क्रियाफलाश्रयत्वम्।'' भाष्यकार ने इसे और प्रतिष्ठित करते हुए कहा है कि – ''अमोघस्य वाग्भवति।'' अर्थात् सत्यप्रतिष्ठ व्यक्ति का वाक्य अमोघ होता है, वह जो कहता है तदनुरूप परिणति हो जाती है। महाभारत में[३] में सहस्रों अश्वमेध से भी अधिक सत्य को प्रतिष्ठित किया गया है – अश्वमेधसहस्रं च सत्यं च तुलया धृतम्। अश्वमेधसहस्राद् हि सत्यमेव विशिष्यते।।

मुण्डकोपनिषद् में सत्य की महिमा बताते हुए – ''सत्यमेव जयति नानृतम्'' के द्वारा स्थापित किया गया है कि सत्य की विजय होती है झूठ की नहीं। वृहदारण्यकोपनिषद्[६] में सत्य और धर्म को पर्याय के रूप में निरूपित किया गया है। कहा गया है कि ''लौकिक पुरुषों द्वारा व्यवहार किया जाने वाला व्यवहार रूप धर्म है, वह निश्चय ही सत्य है। मनु का कथन है कि सत्य बोलना चाहिए, प्रिय बोलना चाहिए, सत्य जो अप्रिय लगे उस नही बोलना चाहिए किन्तु प्रिय वचन भी जो असत्य हो उसे नहीं बोलना चाहिए – यही सनातन धर्म है।[७] मनु धर्मों में सत्य को सर्वोपरि मानते हैं – ''शिरो वा सर्वगात्राणां धर्माणां सत्यमुत्तमम्।'' मनु ने चार प्रकार के वाचिक अशुभों की चर्चा की है – कटु बोलना, असत्य बोलना, परोक्ष में किसी का दोष कहना और निष्प्रयोजन बातें करना – इनमें असत्य भाषण को भी मनु ने अशुभ में परिगणित किया है।

---

१. ऋग्वेद ९/७३/१
२. मुण्डकोपनिषद्, ३/१/५-६
३. सत्यमेश्वरो लोके सत्ये धर्म: सदाश्रित:। सत्यमूलानि सर्वाणि सत्यान्नास्ति परं पदम्
वाल्मीकि रामायण, अयोध्याकाण्ड, १०९/१३
४. महाभारत, शान्तिपर्व, १६०/८-१४
५. महाभारत, आदिपर्व, ७४/१०३
६. ''यो वै स धर्मो व्यवहारलक्षणो लौकिकैर्व्यवह्रियमाण: सत्यं वै तत्। सत्यमिति यथाशास्त्रर्थता, स एवानुष्ठीयमानो धर्मनामा भवति, शास्त्रार्थत्वेन ज्ञायमानस्तु सत्यं भवति। वृहदारण्यकोपनिषद् १/४/१४ का भाष्य, पृ० २९३.
७. सत्यं ब्रूयात् प्रियं ब्रूयात् न ब्रूयात् सत्यमप्रियम्। प्रियञ्च नानृतम् ब्रूयादेष धर्म: सनातन:।। मनुस्मृति, ४/१३८

याज्ञवल्क्य असत्य भाषण न बोलने की हिदायत देते हैं, और सावधान होकर सत्य की रक्षा करने का निर्देश देते हैं – ''रक्षेत्सत्यं समाहित:।'' याज्ञवल्क्य का कहना है कि उत्कर्ष प्राप्ति के लिए भी असत्य नहीं बोलना चाहिए।[१] स्कन्दपुराण में कहा गया है कि झूठ बोलने से यज्ञ का फल नष्ट हो जाता है। श्रीमद्भागवत में 'सत्यं च समदर्शनम्' कहकर समत्व को सत्य कहा गया है। प्रश्नोपनिषद् में अन्वय एवं व्यतिरेकमुखेन सत्य की प्रतिष्ठा की गयी है और कहा गया है कि जिनमें सत्य प्रतिष्ठित है उन्हें ही ब्रह्मलोक की प्राप्ति होती है – 'तेषामेवैष ब्रह्मलोको येषां तपो ब्रह्मचर्यं येषु सत्यं प्रतिष्ठितम्।' सत्य शास्त्रानुकूल अर्थ का नाम है। वह शास्त्रानुकूल अर्थ ही अनुष्ठान किए जाने पर धर्म नाम वाला होता है और शास्त्र के तात्पर्य रूप से ज्ञात होने पर वही सत्य कहलाता है। अर्थात् ज्ञात होने वाला शास्त्र का तात्पर्य सत्य है और आचरण में आने पर वही धर्म कहलाता है।

कुछ शास्त्रों में दान धर्म ही प्रधान माना गया है।[२] शास्त्रों में कहा गया है कि सत्ययुग में तप का, त्रेता में ज्ञान का, द्वापर में यज्ञ का और कलियुग में केवल दान को ही महर्षियों ने प्रधान धर्म कहा है।[३] दान देना ही कर्त्तव्य है – इस भाव से जो दान उचित देश, उचित काल में उचित पात्र को दिया जाता है वह दान सात्त्विक कहलाता है। जिस देश और जिस काल में जिस वस्तु की आवश्यकता हो उस वस्तु के दान द्वारा सबको यथायोग्य सुख पहुँचाने के लिए वही योग्य देश-काल है। हितोपदेश (१/११) में कहा गया है – मरूस्थल्यां यथा वृष्टि:, क्षुधार्थे भोजनं तथा। दरिद्रे दीयते दानम्, सफलं पाण्डुनन्दन:।।

अर्थात् सुखी भूमि में वृष्टि सार्थक होती है, भूखे को भोजन देना सार्थक होता है वैसे ही दरिद्र को धन देना सार्थक होता है। जैसे रोगी को औषधि देना सफल होता है निरोगी को नही, उसी तरह धनी को धन देना निष्प्रयोजन है, अत: सत्पात्र को ही धन देना चाहिए। इसीलिए अग्निपुराण में कहा गया है कि उचित देश, काल, पात्र में दिया हुआ दान करोड़ों गुणा अधिक फलदायक होता है। अत्रिस्मृति[४] में भी दुर्भिक्ष में अन्न देने वाला, सुकाल में स्वर्णदान करने वाला दुर्गमवन में (जहाँ जल का अभाव हो) जल देने वाला मनुष्य स्वर्ग को प्राप्त होता है, ऐसा कहा गया है। दु:ख की अवस्था में जो प्राणों की रक्षा करता है उसको दान के धर्म, अर्थ, काम, रूप तीनों फल प्राप्त होते हैं। अत्रिस्मृति के अनुसार समस्त दानों में विद्यादान श्रेष्ठ है। फल की आकांक्षा

---

१. याज्ञवल्क्यस्मृति, ३/२२९
२. कल्याण, धर्माङ्क, पृ० ३५३
३. दूबे, डॉ० विभारानी, साधारण धर्म, धर्मशास्त्र के आलोक में, कला प्रका०, वाराणसी २००६, पृ० ५३
४. दुर्भिक्षे अन्नदाता च सुमिक्षे च हिरण्यद:। पानप्रदस्त्वरण्ये तु स्वर्गे लोके महीयते।। अत्रिस्मृति, ३२९

से विद्यादान करने वाला स्वर्ग को और निष्कामभाव से करने वाला मोक्ष को प्राप्त होता है।[१] अग्निपुराण के अनुसार सागर का तो अन्त है किन्तु दान का कोई अन्त नहीं है – "विद्यते सागरस्यान्तो नान्तो दानस्य विद्यते।" अग्नि पुराण में सोलह प्रकार के महादान का विस्तृत विवरण उपलब्ध होता है, उसमें पुराणकार का कथन है कि अन्नदान से बड़ा न कोई दान हुआ है और न होगा – "अन्नदानात्परं नास्ति न भूतं न भविष्यति।" परन्तु फल की आकांक्षा से किया गया दान व्यर्थ होता है – "प्रतिलाभेच्छया दत्तं यद्धनं तदपार्थकम्।" मनु का भी कहना है कि श्रद्धा से दिए गए दान का ही फल मिलता है। जो दान श्रद्धा पूर्वक, आस्तिक बुद्धि से युक्त होकर किया जाता है वही दान सफल होता है। इसीलिए तैत्तरीयोपनिषद् में कहा गया है कि – "श्रद्धया देयम्। अश्रद्धया देयम्। श्रिया देयम्। ह्रिया देयम्। भिया देयम्। संविदा देयम्।"

महाभारत और अत्रिस्मृति में दया की महत्ता बतलाई गयी है। पद्मपुराण[२] में कहा गया है कि दया के समान न कोई धर्म है और न तप, न दान है और न कोई सखा ही है। वहीं स्कन्द पुराण में क्षमा के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा गया है कि यतियों के लिए एकमात्र क्षमा ही सिद्धि देने वाली बतलाई गयी है। अत: तपस्वियों को सदा क्षमा का आदर्श रखकर ही व्यवहार करना चाहिए। पापी के प्रति स्वयं पापी न बने यही सनातन बुद्धि है। जो पाप करता है वह स्वयं ही नष्ट हो जाता है। जो पापी के प्रति स्वयं भी पाप पूर्ण व्यवहार करता है वह उत्तम ज्ञान से रहित होता है, क्योंकि वह जले को ही जलाता है और मरे को मारता है। क्षमा के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए मनुस्मृति में कहा गया है – यथाशक्ति वेदाभ्यास, पञ्चमहायज्ञ तथा क्षमा ये महापातक जन्य पापों को भी नष्ट करने वाले हैं।[३] अत: इनका यथाशक्ति आचरण करना चाहिए।

निष्कर्षत: हम देखते हैं कि नैतिक दृष्टिकोण से अहिंसा, सत्य, अस्तेय, शौच, इन्द्रिय, निग्रह, दया, क्षमा आदि को मानव का सामान्य धर्म कहा गया है और इन्हें सबके पालन करने योग्य स्वीकार किया गया है। इन्हीं साधारण धर्म को 'सनातन' शब्द से अभिहित करके इनकी 'सार्वकालिकता' अर्थात् प्रत्येक युग में इनके व्यवहार्य होने को और इन्हें 'सार्ववर्णिक' कहते हुए प्रत्येक देश में सभी वर्णों के द्वारा इनको स्वीकार करने योग्य माना गया है। व्यक्ति, समाज और राष्ट्र से ऊपर उठकर साधारण धर्म वैसा विश्व-मूल्य है, जिसके अनुपालन से समूचे विश्व का कल्याण निहित होता है। ये मानव के तनाव रहित शान्त जीवन के मंत्र हैं। इनका महत्त्व नैतिकता के विकास से सम्बन्धित है।

---

१. आतुरे प्राणदाता च त्रीणि दान फलानि च। सर्वेषामेव दानानां विद्यादानं ततोऽधिकम्। पुत्रादिस्वजने दद्याद्विप्राय च न कैतवे। सकाम: स्वर्गमाप्नोति निष्कामो मोक्षमाप्नुयात्।। अत्रिस्मृति ३३७-३३८

२. पद्मपुराण, पाताल खण्ड, ९८/१५-२३.

३. वेदाभ्यासोऽन्वहं शक्त्यामहायज्ञक्रिया क्षमा। नाशयन्त्याशु पापानि महापातकजान्यपि।। मनुस्मृति ११/२४३

आज इनके अभाव में मानसिक तनाव से युक्त तेज रफ्तार वाली जिन्दगी हम जी रहे हैं। वह धीरे-धीरे हमें मानसिक रोग का शिकार बना रही है। अधैर्य अर्थात् प्रतिकूल परिस्थितियों में उत्तेजित होकर हत्याएँ करना अथवा घोर निराशा में आकर स्वयं आत्महत्या कर लेना, ऐसी खबर आए दिन सुनने-पढ़ने को मिलती है। अस्तेय की विस्मृति के कारण व्यक्ति चोरी, डकैती, राष्ट्रिय सम्पत्ति को नुकसान पहुँचाने जैसे व्यवसाय को अपनाता जा रहा है। सर्वाधिक सोचनीय तो यह है कि अभी तक किसी भी बड़े चोर को चोर कहने का साहस समाज नहीं उठा पा रहा है, और वे निरंकुश, निर्लज्ज घूम रहे हैं। विवेक व विद्या की स्थिति और भी दयनीय होती जा रही है। यही दुर्दशा सत्य की भी है। कभी अज्ञान तो कभी स्वार्थजन्य चाटुकारिता और कभी भय व आतंक के कारण हम झूठ का सहारा ले रहे हैं। इन्द्रिय निग्रह के मूल्य की उपभोक्तावादी पाश्चात्य संस्कृति ने धज्जियाँ उड़ा दी है। शौच व पवित्रता के सद्गुण की परिभाषा ही बदल गयी है। आज इनका तात्पर्य चित्तशुद्धि या मन की पवित्रता न रह कर शारीरिक स्वच्छता मात्र रह गया है। भौतिकता की अंधी दौड़ में मनुष्य अपनी पहचान खोता जा रहा है और चतुर्वर्ग में लक्ष्यहीन अर्थ और काम युगधर्म में ध्येय हो गए हैं। ऐसे में मनुष्य की अभिरक्षा के लिए साधारण धर्म का अपने मूल अर्थ में पालन का अत्यधिक महत्त्व हो गया है। मनुष्य, पशु और देवत्व के मध्य की एक कड़ी है, यदि वह इन नैतिक गुणों से अभिषिक्त होगा तो देवत्व की ओर अभिमुख होगा और यदि अनैतिकता से युक्त होगा तो पशुता का नग्न ताण्डव तचुर्दिक देखने को मिलेगा। इस प्रकार हम देखते हैं कि धर्मशास्त्रकारों ने साधारणधर्म, सामान्यधर्म, सनातनधर्म, चातुर्वर्ण्य के धर्म आदि के द्वारा जिन आध्यात्मिक गुणों पर बल दिया है, यदि उनका सभी वर्णों और सभी आश्रमों में रहने वाले लोगों में आधान हो जाय तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि धर्म के अन्य समस्त क्रिया-कलाप आदि वाह्य है, किंवा उपाधि मात्र है और इन साधारण धर्मों के पालन के द्वारा मात्र मानवता का ही उन्नयन नहीं होगा, अपितु समस्त प्राणियों का कल्याण होगा।

बौद्धधर्म में स्कन्धत्रय

डॉ॰ संजय कुमार

भगवान् बुद्ध ने जब संसार को दु:ख बतलाया, तृष्णा को उसके कारण के रूप में देखा और तृष्णा-निरोध को ही मुक्ति कहा तब वे यहीं नहीं रुके, उन्होंने तृष्णा-निरोध (अर्थात् निर्वाण या मुक्ति) का मार्ग भी प्रतिपादित किया। यही मार्ग आर्य आष्टांगिकमार्ग है। आर्य आष्टांगिकमार्ग का वर्णन पालि त्रिपिटक तथा संस्कृत बौद्ध साहित्य के महाव्युत्पत्ति, महावस्तु, अष्टसाहस्रिका प्रज्ञापारमिता, शतसाहस्रिका प्रज्ञापारमिता, ललितविस्तर, सद्धर्मपुण्डरीक, करुणापुण्डरीक, समाधिराज, अवदानशतक और महायानसूत्रालंकार आदि महायान के ग्रन्थों में प्रचुरतया मिलता है।

बौद्ध धर्म आचारप्रधान धर्म है। बुद्ध ने जो कुछ भी कहा है वह सब सत्त्वों के दुराचार और सदाचार को लेकर ही कहा है। दीग्घनिकाय के 'संगीतिसूत्र' में उन्होंने आठ मिथ्या आचरणों को गिनाया है वे हैं–मिथ्यादृष्टि, मिथ्यासंकल्प, मिथ्यावाक्, मिथ्याकर्मान्त, मिथ्या-आजीव, मिथ्याव्यायाम, मिथ्यास्मृति और मिथ्या-समाधि।[१] इसी का प्रतिपक्षीभूत सदाचार भी बतलाया गया है यथा– सम्यग्दृष्टि, सम्यक्संकल्प, सम्यग्वाक्, सम्यक्कर्मान्त, सम्यगाजीव, सम्यग्व्यायाम, सम्यक्स्मृति और सम्यक्समाधि।[२] यही सुखकर मार्ग है अमृतगामी मार्ग है।[३] भगवान् कहते हैं कि यह मार्ग निर्वाण की ओर ले जाने वाला है।[४] जो भिक्षु इसकी भावना करता है वह राग-द्वेष एवं मोह का अन्त करता है और वह योनिशोमनस्कार से सम्पन्न आर्य आष्टांगिकमार्ग की भावना करता हुआ उसे बार-बार अभ्यास करता है।[५] यह कल्याणमित्र है।[६] यह निर्मल चित्त प्राप्ति का एकमात्र मार्ग है। इस पर चलकर सत्त्व अपने दु:खों को दूर कर सकता है। यह सभी मार्गों में श्रेष्ठ मार्ग है।[७] इस मार्ग पर

---

१. दी॰ नि॰, ३/१२५

२. वही, २/३११, ३/२५५; म॰ नि॰ १/४९, २९९; सं॰ नि॰ ५/८-१०, विभ॰ १०४; विसु॰ १६/३१

३. अयमेव अरियो अट्ठंगिको मग्गो अमतगामि मग्गो। सं॰ नि॰ ५/८

४. वही, ५/३८

५. एवं खो भिक्खवे, भिक्खु, योनिसोमनसिकारसम्पन्नो अरियं अट्ठंगिकं मग्गं भावेति, अरियं अट्ठंगिकं मग्ग बहुलीकरोतीति। वही, ५/३८

६. वही, ५/३७

७. ध॰ प॰, गा॰ २७३

चलने से राग-द्वेष का क्षय होता है और श्रामण्य की उपलब्धि होती है।[१]

आचार्य अश्वघोष ने बुद्धचरित में इस मार्ग की प्रशंसा करते हुए कहा है कि 'यह वही आर्य आष्टांगिक मार्ग है जो सम्यग्दृष्टिरूपी सूर्य से प्रकाशित है, जिस सुन्दर मार्ग पर सम्यक्संकल्प रूपी रथ अहर्निश चलता रहता है, यह मार्ग अनेक उपदेशों से रमणीय सम्यक् वाणी में विश्राम करता है। यह निर्मल आशय है जो सम्यक्कर्मान्त रूपी उपवन से सदैव बिहरता है, जिसका सम्यग्-आजीव अनामय भोजन है और जिसके सेवक हैं सम्यग्व्यायाम ऐसा यह सर्वत्रगामी चक्रवर्ती राजा की तरह है। सम्यक्स्मृतिरूपी मनोहर नगर में जो शाश्वत शान्ति पाता है और यह (मार्ग) समाधिरूपी सेज पर शान्तचित्त होकर सोता है'।[२] यह दु:ख को अभिभूत कर सुख से भी परे है। यह सभी सत्त्वों के लिए सुलभ मार्ग है। यह तीनों लोकों में अष्टांगयोग से प्रख्यात है। यही मध्यम मार्ग है[३], जिसके बल पर सत्त्व जन्म जरा-मरणादि से मुक्त हो जाते हैं।

जैसे घड़ा बिना आधार का होने पर आसानी से लुढ़क जाता है और आधार के होने पर वह नहीं लुढ़कता वैसे ही चित्त का आधार यही आर्य आष्टांगिकमार्ग है[४], जिससे चित्त इधर-उधर नहीं भटक सकता तथा पूर्व की ओर बहने वाली गंगा की तरह इस मार्ग का अभ्यासी निरन्तर निर्वाण की ओर अग्रसर होता है।[५]

आर्य आष्टांगिकमार्ग मार्ग-भावना की दृष्टि से एकविध है। शमथ-विपश्यना के भेद से द्विविध है और शील-समाधि एवं प्रज्ञा के भेद से त्रिविध है।[६] स्रोतापत्ति आदि के अनुसार यह चार प्रकार भी कहा गया है[७] तथा आठ अंगों की अपेक्षा के आष्टांगिक भी है।

आष्टांगिकमार्ग और स्कन्धत्रय

जैसे नगर राज्य के अन्तर्गत आ जाते हैं वैसे ही यह अष्टांगमार्ग तीन शीलादि स्कन्धों में संगृहीत हो जाता है। भगवान् ने कहा भी है आवुस विशाख! आर्य आष्टांगिकमार्ग में तीनों स्कन्ध संगृहीत हैं ऐसा नहीं है, बल्कि तीन स्कन्धों में ही आर्य आष्टांगिकमार्ग संगृहीत है। आवुस विशाख! जो सम्यक् वचन, सम्यग्जीव और सम्यक् कर्मान्त हैं वह 'शीलस्कन्ध' में, जो सम्यग्व्यायाम, सम्यक्स्मृति और सम्यक्समाधि हैं वे 'समाधिसकन्ध' में तथा जो सम्यग्दृष्टि तथा सम्यक् संकल्प

---

१. सं० नि०, ५/२५
२. बु० च०, १५/४१-४४
३. वही, १५/५३
४. सं० नि०, ५/२१
५. वही, ५/४०
६. विसु०, १६/९५
७. वही, १६/१०१

हैं वे 'प्रज्ञास्कन्ध' में संगृहीत हैं।[१]

यहाँ ध्यान देने योग्य बात है कि संस्कृत, बौद्ध साहित्य में इन आठ अंगों का विभाजन शील, समाधि और प्रज्ञा की दृष्टि से कुछ भिन्न-सा भी किया गया है। अभिधर्मकोशभाष्य में इन अंगों के विभाजन पर सम्यक् विचार किया गया है। वसुबन्धु सम्यक् व्यायाम को भी प्रज्ञास्कन्ध में लेते हैं। आचार्य अश्वघोष ने भी उनके इस मत की पुष्टि की है, जबकि पालि बौद्ध साहित्य में सम्यक् व्यायाम सम्यक् समाधि के अन्तर्गत बतलाया गया है क्योंकि जो संकल्प है वह वितर्क स्वभाव का है और व्यायाम का वीर्य स्वभाव है, किन्तु जिसका प्रज्ञा स्वभाव तो नहीं है फिर भी वह प्रज्ञा का अनुगुणी हैं अतः उसे 'प्रज्ञा स्कन्ध' में कहा गया है।[२]

स्कन्धत्रय- शील, समाधि एवं प्रज्ञा

शील–

स्कन्धत्रय का शील आधार है।[३] यह सदाचार और कुशल कर्म है। शील से मन, वाणी और काया ठीक रहते हैं।[४] सभी पापों का न करना, कुशल कर्मों का उपार्जन करना शील है–

सब्बपापस्स अकरणं कुसलस्स उपसम्पदा।
सचित्तपरियोदपनं एतं बुद्धान सासनम्॥[५]

शील से अनाचार का नाश और सुख की वृद्धि होती है। शील निर्वाण का उत्तममार्ग है।[६] शीलवान् प्रज्ञायुक्त हो एकाग्रचित्त और संयम द्वारा कठिनाई से पार होने वाली भवरूपी दुस्तर बाढ़

---

१. अयं हि सप्पदेसत्ता नगरं विय रज्जेन निप्पदेसेहि तीहि खन्धेहि संगहितो। यथाह–'न खो आवुसो विसाख, अरियेन अट्ठंगिकेन मग्गेन तया खन्धा संगहिता। तीहि च खो आवुसो विसाख, खन्धेहि अरियो अट्ठंगिको मग्गो संगहितो। या चावुसो विसाख, सम्मावाचा, यो च सम्माकम्मन्तो, यो च सम्माआजीवो, इमे धम्मा सीलक्खन्धे संगहिता। या च सम्मादिट्ठि यो च सम्मासंकप्पो इमे धम्मा पंचाक्खन्धे संगहिता' ति।
–म॰ नि॰, १/३०१; विसु॰, १६/९५

२. सम्यग्दृष्टिसंकल्पव्यायामश्च प्रज्ञास्कन्ध उक्ताः। न च संकल्पव्यायामो प्रज्ञास्वभावौ तस्यास्त्वनुगुणाविति ताच्छब्द्यं लभेते। अभि॰ को॰ भा॰, २/२५

३. न च संकल्पव्यायामौ प्रज्ञास्वभावाविति। तयोर्यथाक्रमं वितर्कवीर्यस्वभावत्वान्न तौ प्रज्ञास्वभावौ। यदा च त्रिस्कन्धो मार्गः क्रियते शीलस्कन्धः समाधिस्कन्धः प्रज्ञास्कन्ध इति। तत्र प्रज्ञास्कन्धनिर्देशे उक्तम्–'प्रज्ञास्कन्धः कतमः? सम्यग्दृष्टिः सम्यक्संकल्पः, सम्यग्व्यायामः' इति। अभि॰ को॰, २/२५ तथा अर्थविनि॰, पृ॰-१६९

४. मिली॰, पृ॰-४२

५. सीलयतीति सीलं कायवची कम्मानि सम्मादहति सम्मा ठपेतीति अत्थो। विभा॰ पृ॰, १३३; प॰ दी॰, पृ॰-१६९; मिलि॰, पृ॰-३६-३९

६. मिलि॰ (हिन्दी) पृ॰-४१

को सहज ही तैर जाता है।[१] भगवान् स्वयं कहते हैं कि जो प्रज्ञावान्, वीर्यवान्, पण्डित शील में प्रतिष्ठित होता है वही समाधि और प्रज्ञा की भावना करता हुआ तृष्णा रूपी जटा का निःशेषतः नाश करता है[२] तथा धर्म वृद्धि एवं महानता को प्राप्त करता है।

शील के बिना सम्पत्ति वैसे ही नहीं शोभती जैसे वर्षा के अभाव में सूखे धान्यवाली वसुन्धरा।[३] सत्त्वों में बिना शील के धर्म भी वैसे ही नहीं टिकता जैसे छिद्र युक्त पात्र में जल।[४] दुःशील प्राणी सदा भयभीत रहता है तथा मरने पर दुःख ही उठता है[५] जैसे बिना पंख के उड़ा नहीं जा सकता, बिना नौका के नदी पार नहीं की जा सकती वैसे ही बिना शील के कभी भी निर्वाण प्राप्त नहीं किया जा सकता।[६] शील से रहित रूपवान् धनी भी फले-फूले कंटीले वृक्ष की तरह शोभते हैं।[७] शील रहित साधना, तीर्थस्नान, हवन आदि करना सब व्यर्थ है।[८] शील वह आभूषण है, जिससे व्यक्ति का व्यक्तित्व चमकता है, न कि बहुमूल्य आभूषणों और वस्त्रों से।[९] शील से इन्द्रियों के विषय वैसे ही रोक दिये जाते हैं जैसे चरवाहा दण्ड से गायों को धान्य से रोक देता है।[१०]

शील क्लेशरूपी विष को दूर करने के लिए श्रेष्ठ मन्त्र और क्लेशरूपी रोग की उत्तम दवा तथा क्लेशरूपी रज का स्वच्छ एवं पवित्र जल है। यह शील समस्त सम्पत्तियों की प्राप्ति के लिए चिन्तामणि, काम, भव, विभव, अविद्या और मिथ्यादृष्टि रूपी बाढ़ को पार करने के लिए नौका, संसार में आवागमन रूपी मरुभूमि को पार कराने के लिए एकमात्र कारवां, लोभ, द्वेष एवं मोहरूप त्रिविध ताप को दूर करने के लिए वायु, चित्त को परिपूर्ण करने के लिए मेघ, सुशिक्षा के लिए आचार्य और निर्वाण का पथ प्रदर्शक है।[११]

---

१. यो सीलवा पञ्ञा भावितत्तो, समाहितो झानरतो सतीमा।
सब्बस्स सोका विगता पहीना, खीणासवो अन्तिमदेहधारी।। सं० नि०, १/५३

२. सीले पतिट्ठाय नरो सपञ्ञो चित्तं पञ्ञञ्च भावयं।
आतापी निपको भिक्खु सो इमं विजटये जटं।। सं० नि०, १/१३; विसु०, १/१,३

३. बु० च०, २५/४-५

४. वही, २३/२६

५. वही, २३/२७

६. विना पक्षैर्न डीयन्ते विना नावा न तार्यते।
विना शीलेन निर्वाणो लभ्यते न कदाचन।। वही, २३/२३

७. वही, २३/२०

८. वही, २३/२३

९. न तथा द्योतते भव्यं रूपमाभरणानि ते।
न महार्घाणि वस्त्राणि शीलं संशोभते यथा।। वही, २३/११

१०. वही, २६/३५

११. मिलि०, पृ० १९४-१९५

शील जंगल में मार्ग निर्देशक है, यह बन्धु, मित्र और संरक्षक भी है।[१] शील के कारण ही सभी श्रेयस्कर कार्य प्रतिष्ठित होते हैं–शीलमास्थाय वर्तन्ते सर्वा हि श्रेयांसि क्रिया:।[२] शील वह आचार विशेष है, जिसके नाश होने पर प्रव्रज्या तो रहती ही नहीं, गार्हस्थता भी नहीं रह जाती।[३] मानसिक पीड़ा के अभाव की कसौटी है–पवित्रशील।[४] शीलवान् दयालु राजा मान्धाता, जनमेजय और नाभाग ने एक सप्ताह में ही सम्पूर्ण पृथ्वी का राज्य पा लिया था। दैत्यराजहिरण्यकमीपु के पुत्र प्रह्लाद ने भी शील के बल पर ही महेन्द्र सहित तीनों लोकों को अपने वश में कर लिया था। इसमें कोई सन्देह नहीं है कि शीलवानों को संसार में कुछ भी असाध्य नहीं।[५]

शिक्षासमुच्चय में बतलाया गया है कि बोधिसत्त्व आत्मरक्षा के लिए शील का पालन नहीं करता, न वह स्वर्ग की कामना से और न वह शक्र बनने के लिए ही शील का पालन करता है। वे भोगों की प्राप्ति के लिए भी शील का पालन नहीं करते, न ऐश्वर्य के लिए, न रूप, वर्ण, यश को पाने के लिए ही शील की रक्षा करते हैं। नरक और तिर्यग्योनि के भय से भी वे शील की रक्षा नहीं करते बल्कि वे बुद्धनेत्र की प्रतिष्ठापना के लिए ही शील ग्रहण करते हैं। वे सभी सत्त्वों के हित–सुख और योग क्षेम के लिए भी शील की रक्षा करते हैं।[६] अतएव शील ही कल्याणकर है, लोक में अनुत्तर हैं–

'सीलं किरेव कल्याणं सीलं लोके अनुत्तरम्'[७]

शील वसुन्धरा की तरह निखिल गुणों का आश्रय है।[८] शान्ति, यश, विश्वास तथा पारलौकिक आनन्द से सब शील के सुपक्वफल है।[९] शील से चित्त की वृद्धि होती है।[१०] शील परमज्ञान है, परम मोक्ष एवं परम धर्म है, जिससे अक्षय निर्वाण प्राप्त होता है।

---

१. शीलं हि शरणं सौम्य कान्तार इव दैशिक:।
मित्रं बन्धुश्च रक्षा च धनं च बलमेव च।। सौ० द०, १३/२८

२. वही, १३/२१

३. सौ० द०, १३/१९

४. वही, १३/२६

५. शि० समु०, पृ० ८१

६. सीलवीमंस जातक, १/९/८७

७. चराचरस्य विश्वस्य यथाधारो वसुन्धरा।
निखिलानां गुणानां च तथा शीलं शुभाश्रय:।। बु० च०, २३/१८

८. शान्तिर्यशश्च विश्वासो मोदोऽथ पारलौकिक:।
शीलवृक्षस्य पक्वानि फलान्येतानि मानन्दं।। वही, २३/१७

९. वही, २३/२९

१०. वही, २३/३४

शीलमेव परं ज्ञानं शीलमेव परंतपः।
शीलमेव परो धर्मः शीलान्मोक्षश्च नैष्ठिकः[१]॥

इसी से सत्त्व पापरहित होकर अनामय निर्वाण को पाते हैं[२] जैसे आकाश में लालिमा का छा जाना सूर्योदय का पूर्व लक्षण है वैसे ही शील का आचरण आर्य आष्टांगिकमार्ग के लाभ का पूर्व लक्षण है।[३]

आचार्य बुद्धघोष ने शील पर सम्पूर्ण अध्याय अपने ग्रंथ 'विशुद्धिमग्ग' में शील के भेदोपभेदों की गहन चर्चा की है। उन्होंने मूलतः शील चार प्रकार का बतलाया है–चेतना, चैतसिक, संवर और अवीतिक्रम।[४] इसमें संवरशील श्रेष्ठ है। भिक्षु-भिक्षुणी, श्रामणेर और गृहस्थशील के भेद से शील चार तरह का होता है। इसमें अष्टांगशील गृहस्थों का उपोसथशील कहलाता है किन्तु भिक्षु-भिक्षुणी और श्रामणेर शील ही यहाँ अभीष्ट है। यह चतुर्धा होता है–प्रातिमोक्षसंवरशील, इन्द्रियसंवरशील, आजीवपरिशुद्धिशील और प्रत्ययसन्निश्रितशील।[५]

१. प्रत्ययसन्निश्रितशील

चीवर, पिण्डपात, शय्यासन्न और भैषज्य-ये चार प्रत्यय सद्धर्मधारी भिक्षु के लिए अनिवार्य होते हैं। इन चारों प्रत्ययों को भिक्षु अपने पास रख सकता है और उनका उपयोग भी कर सकता है। इन चारों प्रत्ययों के उपभोग की विधि भी काफी जटिल है। प्रव्रज्या ग्रहण करते समय भिक्षु को इनकी उपयोगिता पर यथार्थ चिन्तन करना होता है।

(क) चीवर

तन की लज्जा ढकने के लिए एवं शरीर को सर्दी तथा दंशमच्छरादि के कष्ट से बचने के लिए चीवर धारण करना विहित है।[६] भिक्षु प्रव्रज्या के समय गृहपति द्वारा प्रदत्त चीवर का त्याग कर पंसुकूलचीवर धारण करता है। उसे तीन से अधिक चीवर रखने का निषेध है।

(ख) पिण्डपात

धर्मसाधनहेतु शरीर बना रहे इसलिए भिक्षु को पिण्डपात (भोजन) ग्रहण करना आवश्यक होता है। भिक्षु को सांधिक भोजन, निमन्त्रण, उपोसथ भोजन, आगन्तुक भोजनादि चौदह प्रकार के

१. बु. च., १८/६
२. सं॰ नि॰, ५/३०
३. विसु॰, १/१७
४. वही, १/४२
५. विसु, १/८८
६. वही, २/२७

भोजन निषिद्ध हैं।[१]

(ग) शय्यासन

थोड़ा विश्राम पाने के लिए शय्यासन का उपयोग करना भिक्षु के लिए विहित है। भिक्षु किसी गांव, शहर की सीमा के बाहर अरण्य में, पेड की छाया में, मैदान में और श्मशान में रहते हैं। भिक्षु एक ही शय्यासन में रह कर सन्तोष करता है[२] और अपने सहधर्मियों के साथ मैत्रीभाव भी रखता है, जिसे गर्व तक छू नहीं सकता। वह शान्तिरूपी निर्वाण की खोज करता है।[३]

(घ) भैषज्य

शरीर के छोटे-मोटे रोगों को दूर करने के लिए भिक्षु को अपने पास भैषज्य रखने का विधान है, जिससे प्रज्ञा की प्राप्ति में और चित्त की एकाग्रता में कोई बाँधा उपस्थित न हो सके।[४]

२. आजीवपरिशुद्धिशील

पवित्र आचरणपूर्वक जीवन निर्वाह करना आजीवपरिशुद्धिशील है। इस आजीवपरिशुद्धिशील के पालन करने से आजीविका के दूषित छह साधनों का त्याग होता है, जिससे इन्द्रियसंवरशील पुष्ट होता है।

३. इन्द्रियसंवरशील

रूप, रस, गंधादि के क्लेशों और बन्धन आदि के जो कारण हैं उनके त्याग करने का स्वभाव तथा अपनी सभी इन्द्रियों पर संयम रखना ही इन्द्रियसंवरशील कहलाता है।

४. प्रातिमोक्षसंवरशील

आचारगोचर सम्पन्न होना, अल्पमात्र भी दोषों से नहीं डरना, भली-भांति उपोसथ, पारणादि व्रतों का करना, शिक्षापदों का सीखना, प्रातिमोक्ष का सम्यक् पाठ एवं उस पर सदाचरण करना ही प्रातिमोक्षसंवरशील है इसमें समाधि लगाने एवं चित्त को एकाग्र करना सुकर हो जाता है।

समाधि–

कुशल चित्त की एकाग्रता 'समाधि' है।[५] जब कुशलचित्त एकाग्र होता है तब अभिज्ञाओं की

१. विसु, १/१७
२. वही, १/४२
३. वही, १/१८
४. वही, २/२७
५. 'कुशलचित्तस्स एकग्गता समाधि'। विसु॰, ३/२

भी प्राप्ति होती है। समाधिस्थ भिक्षु आकाशगामी होता है, उसे नाना ऋद्धियां[१] एवं प्रातिहार्य[२] प्राप्त हो जाते हैं। वह अपने चित्त से दूसरे के मन में स्थित संकल्पों को भी जान लेता है। उसे जो भी अलभ्य होता है वह उसे प्राप्त कर सकता है। वह दूर से ही शब्दों को सुनने और रूपों को भी देखने में प्रवीण होता है। यह समाधिस्थ योगी कुशल गवेषी निरन्तर आस्रवों का क्षय कर क्षयज्ञान को भी साक्षात् करता है। तदनन्तर निर्वाणलाभी होता है, जिसका जितना शील निर्मल होता है वह उतना ही समाधि में चित्त को एकाग्र करता है और जितनी अधिक चित्त की एकाग्रता निर्मल होती है उतने ही शीघ्र उसे प्रज्ञा की भी प्राप्ति होती है। समाधि क्लेशों को रोकती है। इसी कारण प्रज्ञा में समाधि का काफी महत्त्व है।

प्रज्ञा–

कुशल चित्त से युक्त विपश्यना ज्ञान ही प्रज्ञा[३] है। प्रज्ञा मनुष्यों का रत्न है। जहाँ श्रद्धा सत्त्व का साथी है वहाँ प्रज्ञा उस पर नियन्त्रण रखती है। प्रज्ञा प्रकृष्ट ज्ञान है। प्रज्ञा की उच्चतम अवस्था ही सम्यग्दृष्टि या सम्यक्सम्बोधि है। प्रज्ञा से अविद्या का प्रहाण हो जाता है। क्लेशों का उपशमन होता है। यह क्लिष्ट प्रज्ञा नहीं है। यह दिव्यज्ञान है। वसुबन्धु इसे धर्म संग्रहस्वभाव वाली बुद्धि विशेष मानते हैं[४] जबकि अभिधर्मामृत के अनुसार धर्मविवेक का नाम ही प्रज्ञा है।[५] अनित्य आदि प्रकार से धर्मों को जानना भी प्रज्ञा है।[६] यह संशयों की व्यावर्त्तिका है।[७] प्रज्ञा दोषों को वैसे ही समूल नष्ट करती है जैसे वर्षा से नदी का जल अपने तटवर्ती समस्त वृक्षों को उखाड़ फेंकता है। प्रज्ञा से भस्मीभूत दोष पुनः उसी तरह उत्पन्न नहीं होते जैसे वज्राग्नि से वृक्ष नहीं उगतें। यद्यपि प्रज्ञा धर्मस्वभाव और प्रतिवेधस्वरूप वाली होने से एक रूप ही होती है।[८] फिर भी वह लौकिक और लोकोत्तर, सास्रव और अनास्रव, सौमनस्य और उपेक्षा आदि के भेद से दो प्रकार की बतलायी गयी है। श्रुत, चिन्ता और भावना वाली होने से यह तीन प्रकार भी कही गयी है।[९] आचार्य बुद्धघोष के अनुसार यह प्रज्ञा इस प्रकार त्रिविधरूप है–

---

१. सर्वस्याभिज्ञादिकस्य गुणस्य समृद्धिः ऋद्धिः। अर्थविनि०, पृ० २१९; विपु०, १२/२०
२. त्रिविधम् तद्यथा–ऋद्धिप्रातिहार्यम्, आदेशनाप्रातिहार्यम्, अनुशासनीप्रातिहार्यञ्चेति। महा० सू० सं०, २०/११३
३. 'कुसलचित्तसम्पयुत्तं विपस्सनाञाणां पञ्ञा।' विसु०, १४/२
४. 'धीः प्रज्ञा धर्मसंग्रहाद्युपलक्षणस्वभावा।' अभि० को०, २/२४
५. 'धर्मविवेकः प्रज्ञाः।' अभि० मृ०, पृ०–६६
६. तेन तेन वा अनिच्चादिनापकारेन धम्मे जानातीति पञ्ञा। अट्ठ०, पृ० १००; १४/३
७. अभि० समु०, पृ० ६
८. धम्मसभावपटिवेधलक्खेणेन ताव एक विधा। विसु०, १४/८
९. महासू० सं०, २०/११०

त्रिविधप्रज्ञा

(१) जातिप्रज्ञा– जो जन्म से ही उत्पन्न हुई रहती है वह जातिप्रज्ञा है।

(२) विपश्यना या विदर्शना प्रज्ञा– यह साधना के फलस्वरूप प्राप्त प्रज्ञा है।

(३) पारिहार्य प्रज्ञा– उठने-बैठने आदि सभी कामों को पूर्ण करने वाली पारिहार्य प्रज्ञा है।[१]

निष्कर्ष

इस त्रिविध शील, समाधि और स्कन्ध वाले आष्टांगिक आर्यमार्ग का अवलम्बन लेकर सत्त्व दु:खों से परिमुक्त हो जाता है और निर्वाणदर्शी होता है। शील से भिक्षु तीनों विद्याओं[२] को, समाधि से छह अभिज्ञाओं[३] को और प्रज्ञा से चार प्रतिसंविदों[४] को प्राप्त करता है। शील से स्रोतापन्न और सकृदागामी समाधि से अनागामी और प्रज्ञा से अर्हत्व होने का द्योतन किया गया है क्योंकि जैसे स्रोतापन्न शीलों को पूर्ण करता है वैसे ही सकृदगामी भी शील को परिपूर्ण करता है। अनागामी समाधि को पूर्ण करता है किन्तु अर्हत् पूर्णप्रज्ञ होता है। सत्त्व, विद्या, धर्म, शील और उत्तम आजीविका से ही शुद्ध होते हैं। जब वह ध्यान और प्रज्ञा से यह देखता है कि सभी संस्कार अनित्य हैं तब वह दु:खों से निर्वेद प्राप्त करता है। यह ही विशुद्धि का मार्ग है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

१. अट्ठसालिनी सम्पादक डॉ॰ पी॰ वी॰ बापट, पूना, १९४२

२. अभिधर्मकोशम् (भाष्य एवं व्याख्या) सम्पादक स्वामी द्वारिकादास शास्त्री, वाराणसी, १९७१

३. अभिधर्मकोशभाष्य, सम्पादक प्रह्लाद प्रधान, पटना, १९६७

४. अभिधर्मसमुच्चय, सम्पादक प्रह्लाद प्रधान, विश्वभारती शान्तिनिकेतन, १९५०

५. अर्थविनिश्चयसूत्रनिबन्धनम्, सम्पादक डॉ॰ एन॰ एच॰ साम्ताणी, पटना, १९७१

६. दीघनिकाय, सम्पादक भिक्षु जगदीश काश्यप, नालन्दा, १९५८

---

१. विसु॰, १/७

२. (१) पूर्व निवासानुस्मृतिज्ञान, (२) सत्त्वों की च्युति और उपपत्ति का ज्ञान तथा (३) आस्रवक्षयज्ञान। –अभि॰ मृ॰, १३/५

३. छः अभिज्ञाएं-दिव्यचक्षु, दिव्यश्रोत, परिचितज्ञान, पूर्वनिवासनुस्मृतिज्ञान, ऋद्धिज्ञान, आस्रवक्षयज्ञान। वही, १४/४

४. चार प्रतिसंविद–धर्मप्रतिसंविद्, अर्थप्रतिसंविद्, निरुक्तिप्रतिसंविद् और प्रतिभान प्रतिसंविद्। –वही, ११/१२; १३/२१; १५/६

७. धम्मपद, सम्पादक भदन्त आनन्द कौसल्यायन, सारनाथ बुद्धाब्द २४८४

८. बुद्धचरित, सम्पादक महन्त रामचन्द्र दास शास्त्री, वाराणसी, १९६३

९. मज्झिमनिकाय, सम्पादक भिक्षु जगदीश काश्यप, नालन्दा, १९५४

१०. महाभारत, व्यासकृत, गोरखपुर प्रकाशन

११. महायानसूत्रसंग्रह, सम्पादक पी० एल० वैद्य, दरभंगा, १९६१

१२. विभंग, सम्पादक भिक्षु जगदीश काश्यप, नालन्दा, १९६०

१३. विशुद्धिमग्ग, आचार्य बुद्धघोष, सम्पादक धर्मानन्द कौशाम्बी, बम्बई, १९४०

१४. शिक्षासमुच्चय, आचार्य शान्तिदेव, सम्पादक पी० एल० वैद्य, दरभंगा, १९६०

१५. संयुक्तनिकाय, सम्पादक भिक्षु जगदीश काश्यप, नालन्दा, १९५४

१६. सौन्दरानन्द, आचार्य अश्वघोष, सम्पादक सूर्यनारायण चौधरी, कांसा पूर्णिया, १९५९

अद्वैत वेदान्त तथा विशिष्टाद्वैत वेदान्त में मुक्ति : एक तुलनात्मक अध्ययन

कु. अनीता

वेदान्त दर्शन भारतीय चिन्तन–परम्परा का मूर्धन्य एवं अध्यात्मशास्त्र का शिरोमणि है। अब तक वर्णित दार्शनिक प्रवृत्तियों तथा विचारों का चूडान्त उत्कर्ष वेदान्त में उपलब्ध होता है। वेदान्त में वर्णित ब्रह्म एवं माया सम्बन्धी विचार आदि ग्रन्थ ऋग्वेद से ही मिलने आरम्भ हो जाते हैं परन्तु वास्तविक वेदान्त, वेद के अन्तिम भाग उपनिषदों से आरम्भ होता है जहाँ जीव और ब्रह्म के विषय में विशिष्ट कल्पनाएं की गयी हैं। उपनिषद् साहित्य का सारांश भगवद्गीता में समाहित होने के कारण, गीता को भी वेदान्त के अन्तर्गत माना जाता है। उपनिषद् तथा गीता में बिखरे हुए विचारों को महर्षि बादरायण ने शृंखलाबद्ध कर ब्रह्मसूत्र (वेदान्त सूत्र) की रचना की जो कि वेदान्त का एक महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है। यह चार अध्याय तथा प्रत्येक अध्याय चार पदों में विभक्त है। लगभग साढ़े पाँच सौ सूत्रों वाला यह ग्रन्थ समस्त वेदान्त सिद्धान्तों का आकर-ग्रन्थ है। इस प्रकार वेदान्त के तीन आकर-ग्रन्थ कहलाते हैं– **उपनिषद्, श्रीमद्भगवद्गीता तथा ब्रह्मसूत्र**। आचार्य शंकर ने इन तीनों पर भाष्य लिखकर अद्वैतमत का प्रवर्तन किया तथा रामानुजाचार्य ने भी अपने विशिष्टाद्वैतवाद का समर्थन इसी प्रस्थानत्रयी से किया है। ब्रह्मसूत्र पर लिख गया आचार्य शंकर का शारीरक भाष्य रामानुजाचार्य का श्रीभाष्य, दोनों ही वेदान्त पर लिखित अति महत्त्वपूर्ण भाष्य हैं।

अद्वैत वेदान्त में मुक्ति

डॉ० राममूर्ति शर्मा के अनुसार ‘‘**मुक्ति शब्द की निष्पत्ति मुच् (मोचनार्थक) धातु से क्तिन् प्रत्यय होने पर निष्पन्न होती है, जिसका अर्थ है– छुटकारा पाना। इस व्युत्पत्ति के आधार पर आत्मबोध होने पर अध्यासजन्य-मिथ्या बन्धन से छुटकारा पाने का नाम मुक्ति है।**’’[१]

१. अद्वैत वेदान्त का इतिहास तथा सिद्धान्त, पृ० २२८

आचार्य शंकर ने विकार रहित होने के कारण आत्मा को बन्धन एवं मोक्ष से अतीत माना है, परन्तु अविद्या के कारण जब आत्मा जीवकोटि में आ जाता है तो वह जगत् सम्बन्धी अनेक बन्धनों में बंध जाता है और इस कारण आत्मबोध में असमर्थ होता है। आत्मबोध न होने के कारण ही जीवन जगत् की समस्त वस्तुओं से कोई सम्बन्ध न होने पर भी अविद्या के कारण उनसे अपना मिथ्या सम्बन्ध स्थापित कर लेता है। यह मिथ्या सम्बन्ध ही बन्धन का मूल कारण है। और जब बन्धन की मूलभूता इस अविद्या की निवृत्ति हो जाती है, तभी जीव मुक्त हो जाता है। आचार्य शंकर बन्धन एवं मोक्ष की इस व्यवस्था को परामार्थिक न मानकर मायिक मानते हैं। आचार्य ब्रह्मसूत्र पर भाष्य में लिखते हैं–

इदं तु पारमार्थिक कूटस्थं नित्यं व्योमवत्सर्वव्यापी सर्वविक्रियारहितं नित्यतृप्तं निरवयवं स्वयं ज्योतिस्वभावम्। धर्माधर्मौ सहकार्येण कालत्रयं च नोपावर्तेते। तदेतदशरीरत्वं मोक्षाख्यम्।[१] अर्थात् मुक्ति पारमार्थिक, कूटस्थ, नित्य, आकाश के समान सर्वव्यापी समस्त विक्रियाओं से रहित, नित्य, तृप्त, निरवयव, स्वयं ज्योतिस्वभाव है। इस अवस्था में धर्म और अधर्म अपने कार्य-सुख-दुःख के साथ तीनों कालों में भी सम्बन्ध नहीं रखते। इसी शरीर रहित स्थिति को मोक्ष कहते हैं।

आचार्य शंकर जीवन्मुक्ति तथा विदेहमुक्ति के भेद से दो प्रकार की मुक्ति स्वीकार करते हैं। जीवन्मुक्त पुरुष का इस प्रपञ्चमय जगत् के साथ किस प्रकार का सम्बन्ध होता है, यह बताते हुए शंकराचार्य ने लिखा है–"**मुक्त पुरुष के लिए यह प्रपञ्चरूप जगत् उसी प्रकार नष्ट हो जाता है, जिस प्रकार अग्नि के द्वारा घृत का काठिन्य नष्ट हो जाता है।**[२]" यहाँ पर यह उल्लेखनीय है कि मुक्त प्राप्त होने पर समस्त भौतिक जगत् का विनाश न होकर केवल जीव की जगत् बुद्धि का ही विनाश होता है। वृद्धावस्था में जीव को जो प्रपञ्चमय जगत् सत्य रूप से भाषित होता है। मुक्तावस्था में उसका वह प्रपञ्च शान्त हो जाता है। सत्य अथवा तत्त्व का बोध होने पर ब्रह्मज्ञानी पुरुष स्वयं ब्रह्मरूप ही हो जाता है– **ब्रह्मवेद ब्रह्मैव भवति।**[३]

तत्त्वबोध होने पर मुक्त पुरुष किसी भी कार्य को कामनारहित अर्थात् अनासक्त भाव से करता है। उपदेशसाहस्री में शंकराचार्य ने आत्मतत्त्ववेत्ता पुरुष का लक्षण बताते हुए कहा है कि

---

१. ब्रह्मसूत्र शंकरभाष्य - १-१-४
२. ब्रह्मसूत्र, शांकरभाष्य - १-१-४
३. मुण्डकोपनिषद् - २-२-९

''जो जाग्रत अवस्था में भी सुप्तावस्था का अनुभव करते हुए द्वैत जगत् को नहीं देखता और यदि इस द्वैतात्मक जगत् को देखता है तो वो उसे अद्वैतरूप ही समझता है तथा कर्मों को करते हुए भी जो निष्क्रिय है, वही आत्मवेत्ता मुक्त पुरुष है।[१] शंकराचार्य ने आत्मसाक्षात्कार के द्वारा अज्ञान तथा उसके समस्त कार्यों का नाश हो जाने पर जीव और ब्रह्म के ऐक्य को ही मुक्ति कहा है। प्रारब्ध कर्मों के क्षय के बिना मुक्ति नहीं मिलती। यदि जीव सञ्चित और क्रियमाण कर्मों के नाश होने पर जीवित अवस्था में ही तत्त्वज्ञान प्राप्त कर लेता है तो वह जीव प्रारब्ध कर्मों के क्षय पर्यन्त शरीर को पूर्ववत् धारण करता है, यह जीवन्मुक्ति है। तत्पश्चात् प्रारब्ध कर्मों के क्षय हो जाने से उसका शरीर नष्ट हो जाता है और वह सर्वथा मुक्त हो जाता है, यह विदेहमुक्ति है।

विशिष्टाद्वैत वेदान्त में मुक्ति

आचार्य शंकर के अद्वैतवाद के प्रतिवाद स्वरूप सम्प्रदायों में सर्वप्रथम विशिष्टाद्वैतवाद का प्रचार-प्रसार हुआ। इस दर्शन का आधार ज्ञान, कर्म एवं भक्ति है। आचार्य रामानुज ने मुक्ति की व्याख्या अपने पूर्ववर्ती तथा पश्चाद्वर्ती दार्शनिक मतों से विशिष्ट अर्थ में की है, इसीलिए इस मतवाद का नाम विशिष्टाद्वैत पड़ा। रामानुजाचार्य अद्वैत विशिष्ट ब्रह्मा की सत्ता मानते हैं, जिसमें जड़ (प्रकृति), चेतन (जीव) तथा ईश्वर (सगुण) इन तीन पदार्थों का समन्वय है। इस प्रकार ब्रह्म के सम्बन्ध में त्रैतवाद इनकी विशिष्ट विशेषता है। इन्होंने जीव, जगत् एवं ईश्वर तीनों को ही सत्य माना हैं इनके अनुसार, **''जीव न तो ब्रह्म का आभास या प्रतिबिम्ब और न नित्यमुक्त है''**[२] वह ब्रह्म का अंश है तथा अणु और अल्पज्ञ है इसलिए ब्रह्म के साथ उसका ऐक्य होना कदापि सम्भव नहीं है। वस्तुतः विशिष्टाद्वैत मत में मुक्ति की अवस्था में मुक्तात्मा ब्रह्म के स्वरूप को प्राप्त करता है। उसकी तद्रूपता को नहीं- **ब्रह्मणो भावः न तु स्वरूपैक्यम्**[३] अर्थात् जीव ब्रह्म के साथ एकान्त न होकर उसके स्वरूप एवं गुणों को ग्रहण कर लेता है। रामानुजाचार्य ने ईश्वर का साक्षात्कार करने के लिए परा-प्रपत्ति (शरणागति) को परमावश्यक माना है। इनके अनुसार मुक्ति में भक्ति प्रधान कारण है और भक्ति में भी परा-प्रपत्ति। रामानुजाचार्य ने जीवन्मुक्ति को न मानकर केवल विदेहमुक्ति को माना है। इस सम्बन्ध में डॉ. राधाकृष्णन् लिखते हैं–

---

१. उपदेशसाहस्री - १०-१३
२. आचार्य बलदेव उपाध्याय, वैष्णव सम्प्रदायों का साहित्य और सिद्धान्त, पृ. १६३
३. श्रीभाष्य-१-१-१

रामानुज के दृष्टिकोण से जीवन्मुक्ति नामक कोई चीज नहीं है। समस्त कर्मों के क्षीण हो जाने पर तथा भौतिक शरीर के भी त्याग होने पर मनुष्य को ईश्वर का साहचर्य प्राप्त होता है।[१]

आचार्य शंकर तथा आचार्य रामानुज की मुक्ति की तुलना

आचार्य शंकर के अद्वैतवाद की प्रक्रिया स्वरूप विशिष्टाद्वैतवाद का उदय हुआ। इसलिए दोनों के सिद्धान्तों में पर्याप्त भिन्नता है। अद्वैत वेदान्त में शंकराचार्य ने जिस जीव और ब्रह्म की एकता का विवेचन किया है रामानुजाचार्य ने उसका खण्डन कर तद्रूपता का उल्लेख किया है अर्थात् मुक्ति की अवस्था में जीव ब्रह्म के साथ ऐक्य को प्राप्त न होकर ब्रह्मभाव को प्राप्त होता है। इस प्रकार रामानुज ने मुक्त जीव और ब्रह्मा की पृथक् सत्ता स्वीकार की है। विशिष्टाद्वैत में जहाँ मुक्त जीव का चन्द्रादि लोकों में गमन माना है।[२] वहीं आचार्य शंकर ने ब्रह्म भावापन्न मुक्त जीव की परलोक गमनशीलता का पूर्णतः निराकरण किया है।[३]

इसके अतिरिक्त आचार्य शंकर ने जीवन्मुक्ति तथा विदेहमुक्ति दोनों का समर्थन किया है जबकि रामानुजाचार्य ने केवल विदेहमुक्ति को ही माना है। रामानुज का सिद्धान्त है कि जब जीव को परब्रह्म का अनुभव हो जाता है तो फिर उसे शरीर ग्रहण करने की आवश्यकता नहीं पड़ती।[४] परन्तु शांकर वेदान्त के अनुसार अविद्या निवृत्ति के फलस्वरूप आत्मबोध होने पर जीव को तब तक शरीर धारण करना पड़ता है, जब तक कि प्रारब्ध कर्मों का भोग समाप्त नहीं हो जाता। अद्वैतवाद में ब्रह्म को ही एकमात्र तत्त्व स्वीकार किया गया है। परन्तु विशिष्टाद्वैत दर्शन में ब्रह्म तथा ईश्वर में कोई तात्त्विक भेद नहीं है।[५] रामानुज सगुण ब्रह्म को ही मानते हैं निर्गुण ब्रह्म को नहीं। जहां शंकराचार्य एकमात्र ब्रह्म को ही सत्य अथवा तत्त्व रूप में स्वीकार करते हैं वही रामानुजाचार्य ने जीव, जगत् एवं ईश्वर तीनों को सत्य माना है। जगत् को मिथ्या मानने के कारण आचार्य शंकर मायावाद को स्वीकार करते हैं किन्तु रामानुजाचार्य माया को ईश्वर की अद्‌भुत शक्ति के रूप में स्वीकार करते है।[६] शंकराचार्य के अनुसार जीवात्मा का अविद्या निवृत्त होकर अपने यथार्थ स्वरूप को जान लेना ही मोक्ष है।[७] परन्तु रामानुज के अनुसार मोक्षावस्था में जीव ब्रह्म के

१. डॉ. राधाकृष्णन्– भारतीय दर्शन, पृ० ७१२
२. श्री भाष्य-२-३-२०
३. ब्र.सू.शां. भा.-४७३-७
४. श्री भाष्य-४-४-२०
५. श्री भाष्य वार्तिक-१-१-७
६. श्री भाष्य-७-१४
७. ब्रह्मसूत्र, शांकरभाष्य ३१२-२१

समान हो जाता है।[१] आचार्य शंकर ने एकमात्र ज्ञान को ही मुक्ति का साधन माना है। जबकि रामानुजाचार्य ज्ञान के साथ-साथ भक्ति एवं प्रपत्ति को भी ज्ञान का साधन मानते हैं। रामानुज ज्ञानकर्म समुच्चयवादी हैं। डॉ. राधाकृष्णन् के अनुसार **''आस्तिक होने के कारण रामानुज का विश्वास है कि मोक्ष ज्ञान और कर्म के द्वारा नहीं वरन् भक्ति और ईश्वर के प्रसाद के द्वारा सम्भव है।''**[२] आचार्य शंकर की तुलना में रामानुज की मुक्ति सहज एवं सरल है।

१. श्री भाष्य-४-४-२१

२. डॉ. राधाकृष्णन्, भारतीय दर्शन, खण्ड दो, पृ. ७०४